

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

आ रहे हैं 'राम'



वर्ष : 26 | अंक : 23 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 13 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# विदेशों में 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' की गूंज

## न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में होगा लाइव प्रसारण, अमेरिका में कई जगह लगे बैनर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारी उत्साह है। अयोध्या के




राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अब देश के साथ ही विदेशों में भी देखने को मिल रही है। अमेरिका में कई जगह राम नाम का विशाल रैलियां आयोजित की गई और साथ ही न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कॉयर पर प्राण प्रतिष्ठा के लाइव शो का प्रसारण भी करने की घोषणा की गई है।

इसी बीच, विश्व हिंदू परिषद की अमेरिका इकाई ने 10 राज्यों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़े-बड़े बिलबोर्ड्स भी लगाए हैं। परिषद के कार्यकर्ताओं ने राज्यभर में विभिन्न-विभिन्न जगहों पर बैनर और बिलबोर्ड्स लगाए हैं। अब तक 40 बिलबोर्ड्स लगाए जा चुके हैं और आगे भी लगाए जा रहे हैं।

टेक्सास, इलिनॉय, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और जॉर्जिया समेत कई राज्यों में बिलबोर्ड्स के जरिए बताया गया है कि 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा है। साथ ही, एरिजोना और मिजूरी में भी 15 जनवरी से विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा।

विदेशों में रहने वाले भारतीय भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्सुक है। इस दौरान वह सभी अपने-अपने तरीके से इस उत्सव का जश्न मना रहे हैं। राम मंदिर उद्घाटन के मौके पर मॉरीशस सरकार ने भी सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। देश की सरकार ने मॉरीशस में काम करने वाले हिंदुओं के लिए 22 जनवरी को दो घंटे की अवकाश की घोषणा की है, ताकि वह प्राण प्रतिष्ठा के देशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पहुंच सके।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूके और कनाडा में भी कई जगहों पर रामायण का आयोजन किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए विदेशों में रहने वाले राम भक्तों ने पहले ही अपनी-अपनी टिकटें बुक करा ली हैं। लोगों का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद जल्द ही वे सभी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू और मायावती को मिला निमंत्रण

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां चरम पर हैं। अब कुछ ही



दिन बचे हैं। समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भी निमंत्रण मिल गया है। लेकिन वह इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। विश्व हिंदू परिषद ने बताया कि बसपा प्रमुख मायावती को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया। वीएचपी के मुताबिक मायावती ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, लेकिन वह समारोह में शामिल नहीं होंगी।

बता दें कि अखिलेश यादव ने कहा था कि उन्हें अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं मिला है। इस पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का कहना है कि उत्तर प्रदेश के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों, अखिलेश यादव और मायावती को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में आमंत्रित किया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## साधुओं की पिटाई पर भड़के आचार्य सतेन्द्र दास

अयोध्या (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास



महाराज ने पश्चिम बंगाल में साधुओं पर हुए हमले पर पलटवार किया है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री पर हमला बोला। आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि किसी ने ममता बनर्जी को मुमताज खान नाम दिया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली-नोएडा में पारा 3 डिग्री

### पांच सालों में सबसे सर्द सुबह

**नई दिल्ली/ नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में



कड़ाके की ठंड और कोहरे का सितम जारी है। कोहरे के चलते सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। दिल्ली के सफदरजंग में आज इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है।

शनिवार सुबह दिल्ली और एनसीआर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद सहित कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर दृश्यता शून्य रही। मौसम विभाग ने आज और कल सर्दी का यलो अलर्ट जारी किया है। अभी कोहरा कुछ दिन सवेरे और शाम को परेशान करने वाला है। मौसम ठंडा बना रहेगा और सर्द हवाएं लोगों की दुश्वारियां बढ़ाएंगी। दिन में बादल छाये रहने से रात का तापमान कुछ बढ़ सकता है।

## पीजी में 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के गामा-2 सेक्टर में पीजी में रहने वाले एक 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में छात्र ने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। छात्र ने यह कदम उठाने के लिए अपने परिजनों से भी माफी मांगी है।

मूल रूप से कानपुर रबूपुरा निवासी मोहित कुमार पुत्र रामकिशन गामा-2 स्थित एक पीजी में रह रहा था। वह ओपन यूनिवर्सिटी से 12वीं का छात्र था। बीती शाम अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। साथी छात्रों ने इसकी सूचना पीजी मलिक व थाना बीटा -2 पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें मोहित कुमार ने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। मोहित कुमार ने अपने इस कदम के लिए अपने माता-पिता से भी माफी मांगी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराए गए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना बीटा दो पुलिस शराब के अत्यधिक सेवन की वजह से उक्त व्यक्ति की मौत होना बता रही है।

सत्यम एनक्लेव साहिबाबाद निवासी संजीव पांडे पुत्र राधा प्रसाद जेपी ग्रीन रिसोर्ट में काम करता था। बीते दिनों उसे गंभीर स्थिति में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच को पता चला है कि संजीव पांडे शराब का अत्यधिक सेवन करता था (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सुखपाल हत्याकांड : एसीपी, एसएचओ व चौकी प्रभारी पर गिरी गाज

**नोएडा (चेतना मंच)।** घोड़ी बछेड़ा गांव के पास बीते दिनों हुई प्रॉपर्टी डीलर सुखपाल सिंह की हत्या के मामले में तीन पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिरी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कड़ा रूख अपनाते हुए कासना थाना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडे को लाइन हाजिर कर दिया है जबकि एसीपी को कार्यालय से संबद्ध किया है। मृतक के परिजनों ने कल सुखपाल का अंतिम संस्कार करने से पूर्व पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर एसीपी सुशील कुमार तथा कासना थाना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडे के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। एसीपी और थाना प्रभारी दोनों को पद से हटा दिया गया है। थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। कासना चौकी प्रभारी पंकज राठी को भी लाइन हाजिर किया गया है।

बता दें कि कासना निवासी सुखपाल पर बीते 16 दिसंबर को कस्बे में जानलेवा हमला हुआ था। सुखपाल का आरोप था कि अज्ञात लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की थी। उसने इसकी शिकायत थाना कासना पुलिस के अलावा उच्च अधिकारियों से भी की थी। पुलिस ने उस समय मामले को संदिग्ध मानते हुए कोई कार्रवाई नहीं की थी। पुलिस का कहना था कि छानबीन में गोली चलने की कोई बात सामने नहीं आई थी। सुखपाल जिस व्यक्ति पर आरोप लगा रहा था उसे पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार किया था।

गुरुवार की सुबह दिनदहाड़े बदमाशों ने सुखपाल की घोड़ी बछेड़ा गांव के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुखपाल की हत्या के बाद उसके परिजन लगातार पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद सुखपाल का शव जब गांव में पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा किया था। परिजनों का कहना था कि पुलिस अगर सुखपाल पर हुए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लूट की घटना को बताया झपटमारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र के हौजरी कंपलेक्स के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक फैक्ट्री कर्मी से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने लूट की इस घटना को महज झपटमारी की धाराओं में दर्ज किया है।

भंगेल निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी की शाम को कंपनी से काम कर पैदल अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही हौजरी कंपलेक्स के गेट पर पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## कोहरे में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भिड़े 4 ट्रक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घने कोहरे की वजह से आज तड़के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हुआ। कोहरे के कारण एक्सप्रेसवे पर चार ट्रक आपस में भिड़ गए। इस हादसे में क्षतिग्रस्त हुए ट्रक में दो ड्राइवर फंस गए जिन्हें पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आज सुबह थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली कि बील अकबरपुर गांव के पास ईस्टर्न पेरिफेरल पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आईटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की सड़क हादसे में मौत

### तेज रफ्तार स्कोड़ा कार डिवाईडर से टकराकर पलटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आईटी कंपनी एक्सेल में प्रोजेक्ट मैनेजर की बीती रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय प्रोजेक्ट मैनेजर अपनी स्कोडा कार से घर लौट रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

ग्रेटर नोएडा के ओमेगा फर्स्ट सेक्टर में रहने वाले प्रतीक नैथानी आईटी कंपनी एक्सेल में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बीती रात में नोएडा ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर वापस अपने घर लौट रहे थे। नवादा गोल चक्कर के पास उनकी स्कोडा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में प्रतीक नैथानी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस उन्हें उपचार के लिए सिटी अस्पताल लेकर पहुंची उपचार के दौरान प्रतीक नैथानी की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## माँ-बेटे ने किसान कोटे का प्लॉट बेचने के नाम पर ठगा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा ग्रेटर-नोएडा में जमीन की लगातार बढ़ रही कीमतों की वजह से धोखाधड़ी के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आए दिन जमीन बेचने के नाम पर ठगने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना बीटा दो क्षेत्र में प्रकाश में आया है यहां मां बेटे ने प्लॉट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपए हड़प लिए और प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया।

ग्रीन फील्ड कॉलोनी सेक्टर-41 आरके पुरम दिल्ली निवासी आवेदित ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि ग्रेटर नोएडा में प्लॉट खरीदने को लेकर उसकी वर्ष 2022 में ग्राम बिरोंडा निवासी मनोज कुमार से मुलाकात हुई थी। मनोज कुमार ने किसान आबादी के 10 प्लॉट प्रतिशत के प्लाट को बेचने का प्रस्ताव उसके समक्ष रखा था। उक्त प्लाट का सौदा एक करोड़ 85 लाख रुपए में हुआ था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गांव में बिजली चोरी रोकने गई एनपीसीएल की टीम पर हमला

### मारपीट कर कार का शीशा तोड़ा

**ग्रेटरनोएडा (चेतना मंच)।** खोदना खुर्द भूडा गांव में बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही एनपीसीएल की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर मारपीट की गई। मारपीट में एनपीसीएल के कई लोगों को चोटें आई हैं। एनपीसीएल के अवर अभियंता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एनपीसीएल के जेई रूपेश मिश्रा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह लाइनमैन सैदुल, सुपरवाइजर गौरव, सौरव, सुरक्षा गार्ड कपिल रोहित तथा ड्राइवर अंकित व मुस्तफा के साथ ग्राम खोदना खुर्द भूडा में बिजली चोरी रोकने की कार्रवाई करने के लिए गए थे। उन्होंने कार्यवाही करते हुए बिजली चोरी कर रहे एक व्यक्ति की विद्युत केबल काट ली। रुपेश मिश्रा के मुताबिक इस दौरान उन्हें गांव के ही रामवीर ने फोन कर रुकने के लिए कहा। थोड़ी देर में ब्रेजा कर सवार पवन प्रवीण पुत्र अतर सिंह विंदर उर्फ लंगड़ा गांव में पहुंच गए और उन्हें रोक लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानकों पर खरी न मिली तो ठेकेदारों का भुगतान रोका जाए'

### डीजीएम सिविल ने सभी वर्क सर्किलों को जारी किए निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** किसी भी वर्क सर्किल क्षेत्र में ठेकेदार का कार्य मानकों पर खरा नहीं पाया गया तो उसका भुगतान रोक दिया जाएगा तथा ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा।

यह निर्देश जारी किए उपमहा प्रबंधक (डीजीएम) सिविल विजय रावल ने। उन्होंने निर्देश दिए कि जो ठेकेदार अपनी निर्धारित लागत से 20 प्रतिशत कम लागत पर निविदा डालेगा तथा वर्क सर्किल प्रभारी ऐसे ठेकेदारों के कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता जांच करेगा तथा उसकी रिपोर्ट तैयार करेगा। यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानको पर खरा नहीं पाया गया तो उस ठेकेदार का भुगतान रोकने के अलावा ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा। डीजीएम ने सीईओ द्वारा जारी निर्देशों को सभी वर्क सर्किल को भेज दिया है।

मालूम हो कि नोएडा में सिविल इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण जल तथा उद्यान से संबंधित निर्माण कार्य और अनुरक्षण कार्य किया जा रहे हैं। हाल ही में देखा गया कि कुछ ठेकेदार टेंडर लागत से नीचे अपना टेंडर बंद भर रहे हैं जिसकी लगातार शिकायत भी मिल रही है। ऐसे में सीईओ ने आदेश जारी किया और सभी 20 प्रतिशत से नीचे टेंडर डालने वालों काम की गुणवत्ता और स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

## ऐप ओपन करते ही बैंक से निकल गई नगदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अगर कोई व्यक्ति सोशल साइट मार्केटिंग का कर्मचारी बात कर आपको किसी ऐप को ओपन करने के लिए कहता है तो सावधान हो जाइए आप ठगी का शिकार बन सकते हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें फ्लिपकार्ट कंपनी का प्रतिनिधि बनकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति को 90 हजार रूपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने अज्ञात ठग के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर 18 पी ब्लॉक निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि बीते 11 जनवरी को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कार से उड़ाया कीमती सामान

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-127 में चाय की दुकान पर चाय पी रहे एक व्यक्ति की कार से चोरों ने लैपटॉप, पर्स व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

सलारपुर गांव निवासी रोहित शर्मा ने बताया कि वह सेक्टर 127 स्थित पॉपुलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत है। बीते 4 जनवरी को वह अपने सहकर्मी के साथ पास की (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## सुविधा ऋण

'कर्ज़', जिसे पुरातन समय में विवशता से जोड़ा जाता था, आधुनिक युग में एक आम प्रचलन के रूप में अपना प्रभाव जमाता नज़र आ रहा है। आवास-ऋण, शिक्षा-ऋण, व्यवसाय के लिए ऋण; सर्च का बटन दबाते ही लोन लेने के ढेरों विकल्प हमारे सम्मुख उपस्थित हो जाएंगे। आजीविका चलाने अथवा मूलभूत सुविधाएं जुटाने हेतु कर्ज़ लेना जहां एक निर्धन व्यक्ति की मजबूरी है, वहीं ऐश्वर्यशाली जीवन जीने की आकांक्षा पालने वाले सामान्य लोगों के लिए तयशुदा किस्त भुगतान के ज़रिए साधन सम्पन्न बनने का पर्याय भी बन चुका है। समय की मांग कहें अथवा उधारी का घी पीने का लोभ, ऋण-सुविधा ने हमारी 'सादा जीवन, उच्च विचार' वाली जीवनशैली को काफी हद तक बदलकर रख दिया है। एसबीआई की सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक़, वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान परिवारों पर कर्ज़ का बोझ दोगुना से भी अधिक होकर 15.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू बचत से निकासी का एक बड़ा हिस्सा भौतिक संपत्तियों में चला गया तथा 2022-23 में इन पर कर्ज़ भी 8.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इनमें से 7.1 लाख करोड़ रुपये आवास ऋण एवं खुदरा कर्ज के रूप में बैंकों से लिया गया। परिवारों की घरेलू बचत क़रीब 55 प्रतिशत गिरकर सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत पर सिमट गई, जो कि पिछले पांच दशक में सबसे कम है। पिछले दो वर्षों में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 प्रतिशत होम लोन, शिक्षा व वाहन पर ख़र्च किया गया। परिवारों का बचत स्तर गिरना चिंताजनक है चूंकि सामान्य सरकारी वित्त तथा ग़ैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण ज़रिया घरेलू बचत ही है। भारत के 33 फ़ीसदी से अधिक राज्यों तथा विधायिका वाले केंद्रशासित प्रदेशों ने वर्ष 2023-24 के अंत तक, अपने कर्ज़ों को उनके जीएसडीपी के 35 फ़ीसदी को पार करने का अनुमान लगाया है। देश के 12 राज्य कर्ज़ लेने में अव्वल माने गए। अधिक ऋण बोझ संसाधनों के लिए प्रतिकूलता लेकर आता है। राजस्व का एक बड़ा अंश कर्ज़ चुकता करने में चले जाने के कारण राज्य में अपेक्षित विकास कार्य अधूरे छूट जाते हैं, देश के सम्पूर्ण विकास में योगदान देना तो दूर की बात है। राज्यों के मध्य आर्थिक असमानता बढ़ने से राष्ट्र का समग्र विकास प्रभावित होता है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को बढ़ते संप्रभु कर्ज़ (केंद्र व राज्य सरकारों का कुल कर्ज़ भार) के प्रति सचेत करते हुए, इससे दीर्घकालिक कर्ज़ ज़ोखिम बढ़ने की आशंका व्यक्त की। ग़ौरतलब है, मार्च, 2023 में 200 लाख करोड़ रुपये की कर्ज़राशि वर्तमान में बढ़कर 205 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंची। आईएमएफ के अनुसार, भारत सरकार इसी रफ्तार से उधार लेती रही तो देश पर सकल घरेलू उत्पाद का 100 प्रतिशत कर्ज़ हो सकता है। हालांकि, भारत सरकार ने आईएमएफ के विश्लेषणात्मक अनुमानों पर तथ्यात्मक रूप से असहमति प्रकट हुए अधिकतर कर्ज़ भारतीय रुपये में होने के कारण 2002 के कर्ज़ स्तर की अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही। मुद्राकोष की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया जताते हुए भले ही भारत सरकार यह कहना है कि अमेरिका तथा ब्रिटेन जैसे देशों में जीडीपी के अनुपात में तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक कर्ज़ भार है किंतु यहां सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध उनके उत्तरदायित्व जांचना भी आवश्यक है। अधिकतर विकसित देशों की औसत आयु भारत से अधिक है। इन देशों में सभी बुज़ुर्ग नागरिकों को पेंशन मिलने के साथ मुफ़्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि भारत सामाजिक सुरक्षा भुगतान की स्थिति में कहीं पीछे है। नि:संदेह, कर्ज़ का बड़ा हिस्सा घरेलू मुद्रा में होना तथा भारत का कार्यबल युवा होना राष्ट्र के पक्ष में दो सकारात्मक बिंदु हैं किंतु अपनी देनदारियों को लेकर हमें चिंतित तो होना ही चाहिए क्योंकि वार्षिक ख़र्च के हिस्से में ब्याज भुगतान बहुत अधिक है। 'मर्ज़ बढ़ता ही गया, दवा ज्यों-ज्यों की', कर्ज़ का बोझ हद से बढ़ जाए तो गले की फांस बन जाता है। कर्ज़ के बोझ तले दबी बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी ताश के पत्तों की भांति धराशायी होते देखा गया। कितने ही रईस देनदारों को ऋण अदायगी ने सड़क पर ला पटका, कितनों को मुंह छिपाकर भागना पड़ा, ऋणभार वहन न कर सकने के कारण कुछ राष्ट्र तक दिवालियापन के कग़ार पर जा पहुंचे। कर्ज़ के इस दुश्चक्र से बचने-बचाने का एकमात्र उपाय है, मानवीय पूंजी एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रत्येक अंश का सदुपयोग किया जाए। रोज़गार के पर्याप्त अवसर न केवल नागरिकों को उद्यमी एवं आत्मनिर्भर बनाते हैं अपितु राष्ट्रीय विकास में सम्पूर्ण योगदान देते हुए कर्ज़भार से विमुक्त करने में भी सहायी बनते हैं। जीडीपी वृद्धि अच्छी होने के नाते यही उपयुक्त समय है, जब देश के कर्ज़ की स्थिति बेहतर करने संबंधी उपायों पर ध्यान दिया जाए। वोटबैंक पुख़्ता करने के लिए नागरिकों को मुफ्तख़ोरी की ओर धकेलने की अपेक्षा गुणवत्तापूर्वक सेवाओं पर विचार किया जाना चाहिए। कर्ज़ लेने की विवशताएं ही न रहें तो मर्ज़ का इलाज ख़ुद-ब-ख़ुद हो जाएगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे भाई! जहाँ प्रतिदिन हरिकथा होती है, तुमको मैं वहीं भेजता हूँ, तुम जाकर उसे सुनो। उसे सुनते ही तुम्हारा सब संदेह दूर हो जाएगा और तुम्हें श्री रामजी के चरणों में अत्यंत प्रेम होगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-बिनु सतसंग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग।**
**मोह गएँ बिनु राम पद होइ न दृढ़ अनुराग॥**

सत्संग के बिना हरि की कथा सुनने को नहीं मिलती, उसके बिना मोह नहीं भागता और मोह के गए बिना श्री रामचंद्रजी के चरणों में दृढ़ (अचल) प्रेम नहीं होता॥

**मिलहिं न रघुपति बिनु अनुरागा। किएँ जोग तप ग्यान बिरागा॥**
**उत्तर दिसि सुंदर गिरि नीला। तहँ रह काकभुसुण्डि सुसीला॥**

बिना प्रेम के केवल योग, तप, ज्ञान और वैराग्यादि के करने से श्री रघुनाथजी नहीं मिलते। (अतएव तुम सत्संग के लिए वहाँ जाओ जहाँ) उत्तर दिशा में एक सुंदर नील पर्वत है। वहाँ परम सुशील काकभुशुण्डिजी रहते हैं॥

**राम भगति पथ परम प्रबीना। ग्यानी गुन गृह बहु कालीना॥**
**राम कथा सो कहइ निरंतर। सादर सुनहिं बिबिध बिहंगबर॥**

वे रामभक्ति के मार्ग में परम प्रवीण हैं, ज्ञानी हैं, गुणों के धाम हैं और बहुत काल के हैं। वे निरंतर श्री रामचंद्रजी की कथा कहते रहते हैं, जिसे भाँति-भाँति के श्रेष्ठ पक्षी आदर सहित सुनते हैं॥

**जाइ सुनहु तहँ हरि गुन भूरी। होइहि मोह जनित दुख दूरी॥**
**मैं जब तेहि सब कहा बुझाई। चलेउ हरषि मम पद सिरु नाई॥**

वहाँ जाकर श्री हरि के गुण समूहों को सुनो। उनके सुनने से मोह से उत्पन्न तुम्हारा दु:ख दूर हो जाएगा। मैंने उसे जब सब समझाकर कहा, तब वह मेरे चरणों में सिर नवाकर हर्षित होकर चला गया॥

**ताते उमा न मैं समुझावा। रघुपति कृपाँ मरमु मैं पावा॥**
**होइहि कीन्ह कबहुँ अभिमाना। सो खोवै चह कृपानिधाना॥**

हे उमा! मैंने उसको इसीलिए नहीं समझाया कि मैं श्री रघुनाथजी की कृपा से उसका मर्म (भेद) पा गया था। उसने कभी अभिमान किया होगा, जिसको कृपानिधान श्री रामजी नष्ट करना चाहते हैं॥

क्रमश:

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा राम मंदिर

### आज के भारत का मिजाज़, अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है।

आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत, पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब अयोध्या में राम लला टैंट में विराजमान थे, लेकिन आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। अयोध्या यानि वह भूमि जहां कभी युद्ध न हुआ हो। ऐसी भूमि पर कलयुग में एक लंबी लड़ाई चली और त्रेतायुग में पैदा हुए रघुकुल गौरव भगवान श्रीराम को आखिरकार छत नसीब होने वाली है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती है, रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गया, यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है। किंतु उन हजारों मंदिरों की जगह, अयोध्या की जन्मभूमि को नहीं रखा जा सकता। एक ऐतिहासिक अन्याय की परिणति आखिरकार ऐतिहासिक न्याय ही होता है। यह बहुत संतोष की बात है कि भारत की न्याय प्रक्रिया के तहत आए फैसले से मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अर्थ में गौरवशाली हैं कि उनके कार्यकाल में इस विवाद का सौजन्यतापूर्ण हल निकल सका और मंदिर निर्माण हो सका।


इस आंदोलन से जुड़े अनेक नायक आज दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति आती है। मुझे ध्यान है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेता और मंत्री रहे श्री दाऊदयाल खन्ना ने मंदिर के मुद्दे को आठवें दशक में जोरशोर से उठाया था। उसके साथ ही श्री अशोक सिंहल जैसे नायक का आगमन हुआ और उन्होंने अपनी संगठन क्षमता से इस आंदोलन को जनांदोलन में बदल दिया। संत रामचंद्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ जैसे संत इस आंदोलन से जुड़े और समूचे देश में इसे लेकर एक भावभूमि बनी। तब से लेकर आज तक सरयू नदी ने अनेक जमावड़े और कारसेवा के प्रसंग देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले के बाद जिस तरह का संयम हिंदू समाज ने दिखाया वह भी बहुत महत्त्व का विषय है। क्या ही अच्छा होता कि इस कार्य को साझी समझ से हल कर लिया जाता। किंतु राजनीतिक आग्रहों ने ऐसा होने नहीं दिया। कई बार जिदें कुछ देकर नहीं जातीं, भरोसा, सद्भाव और भाईचारे पर ग्रहण जरुर लगा देती हैं।

दुनिया के किसी देश में यह संभव नहीं है उसके आराध्य इतने लंबे समय तक मुकदमों का सामना करें। किंतु यह हुआ और सारी दुनिया ने इसे देखा। यह भारत के लोकतंत्र, उसके न्यायिक-सामाजिक मूल्यों की स्थापना का समय भी है। यह सिर्फ मंदिर नहीं है जन्मभूमि है, हमें इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं का मानस क्या रहा होगा, कहने की जरूरत नहीं है। किंतु हर भारतवासी का राम से रिश्ता है, इसमें भी कोई दो राय नहीं है। वे हमारे प्रेरणापुरुष हैं, इतिहास पुरुष हैं और उनकी लोकव्याप्ति विस्मयकारी है। ऐसा लोकनायक न सदियों में हुआ है और न होगा। लोकजीवन में, साहित्य में, इतिहास में, भूगोल में, हमारी प्रदर्शनकलाओं में उनकी उपस्थिति बताती है राम किस तरह इस देश का जीवन हैं।

राम शब्द संस्कृत की 'रम' क्रीड़ायाम धातु से बना है अर्थात हरेक मनुष्य के अंदर रमण करने वाला जो चैतन्य-स्वरूप आत्मा का प्रकाश विद्यमान है, वही राम है। राम को शील-सदाचार, मंगल-मैत्री, करुणा, क्षमा, सौंदर्य और शक्ति का पर्याय माना गया है। कोई व्यक्ति सतत साधना के द्वारा अपने संस्कारों का परिशोधन कर राम के इन तमाम सद्गुणों को अंगीकार कर लेता है, तो उसका चित्त इतना निर्मल और पारदर्शी हो जाता है कि उसे अपने अंतःकरण में राम के अस्तित्व का अहसास होने लगता है। कदाचित यही वह अवस्था है जब संत कबीर के मुख से निकला होगा,

**'मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में ना मैं मंदिर ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।'**

राम, दशरथ और कौशल्या के पुत्र थे। संस्कृत में दशरथ का अर्थ है- दस रथों का मालिक। अर्थात पांच कर्मेंद्रियों और पांच ज्ञानेंद्रियों का स्वामी। कौशल्या का अर्थ है- 'कुशलता'। जब कोई अपनी कर्मेंद्रियों पर संयम रखते हुए अपनी ज्ञानेंद्रियों को मर्यादापूर्वक सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है, तो उसका चित्त स्वाभाविक रूप से राम में रमने लगता है। पूजा-अर्चना की तमाम सामग्रियां उसके लिए गौण हो जाती हैं। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व इतना सहज और सरल हो जाता है कि वह जीवन में आने वाली तमाम मुश्किलों का स्थितप्रज्ञ होकर मुस्कुराते हुए सामना कर लेता है। भारतीय जनमानस में राम का महत्व इसलिए नहीं है कि उन्होंने जीवन में इतनी मुश्किलें झेलीं, बल्कि उनका महत्व इसलिए है, क्योंकि उन्होंने उन तमाम कठिनाइयों का सामना बहुत ही सहजता से




किया। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी इसलिए कहते हैं, क्योंकि अपने सबसे मुश्किल क्षणों में भी उन्होंने स्वयं को बेहद गरिमापूर्ण रखा।

राम का होना मर्यादाओं का होना है, रिश्तों का होना है, संवेदना का होना है, सामाजिक न्याय का होना है, करुणा का होना है। वे सही मायनों में भारतीयता के उच्चादर्शों को स्थापित करने वाले नायक हैं। उन्हें ईश्वर कहकर हम अपने से दूर करते हैं। जबकि एक मनुष्य के नाते उनकी उपस्थिति हमें अधिक प्रेरित करती है। एक आदर्श पुत्र, भाई, सखा, न्यायप्रिय नायक हर रुप में वे संपूर्ण हैं। उनके राजत्व में भी लोकतत्व और लोकतंत्र के मूल्य समाहित हैं। वे जीतते हैं किंतु हड़पते नहीं। सुग्रीव और विभीषण का राजतिलक करके वे उन मूल्यों की स्थापना करते हैं जो विश्वशांति के लिए जरुरी हैं। वे आक्रामणकारी और विध्वंशक नहीं है। वे देशों का भूगोल बदलने की आसुरी इच्छा से मुक्त हैं। वे मुक्त करते हैं बांधते नहीं। अयोध्या उनके मन में बसती है। इसलिए वे कह पाते हैं,

**जननी जन्मभूमिश्च्च स्वर्गादपि गरीयसी।**

यानि जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है। अपनी माटी के प्रति यह भाव प्रत्येक राष्ट्रप्रेमी नागरिक का भाव होना चाहिए। वे नियमों पर चलते हैं। अति होने पर ही शक्ति का आश्रय लेते हैं। उनमें अपार धीरज है। वे समुद्र की तीन दिनों तक प्रार्थना करते हैं।

**विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीति**

बोले राम सकोप तब भय बिनु होहिं न प्रीति।

यह उनके धैर्य का उच्चादर्श है। वे वाणी से, कृति से किसी को दुख नहीं देना चाहते हैं। वे चेहरे पर हमेशा मधुर मुस्कान रखते हैं। उनके घीरोदात्त नायक की छवि उन्हें बहुत अलग बनाती है। वे जनता के प्रति समर्पित हैं। इसलिए तुलसीदास जी रामराज की अप्रतिम छवि का वर्णन करते हैं-

**दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज काहुंहिं नहीं व्यापा।**

राम ने जो आदर्श स्थापित किए उस पर चलना कठिन है। किंतु लोकमन में व्याप्त इस नायक को सबने अपना आदर्श माना। राम सबके हैं। वे कबीर के भी हैं, रहीम के भी हैं, वे गांधी के भी हैं, लोहिया के भी हैं। राम का चरित्र सबको बांधता है। अनेक रामायण और रामचरित पर लिखे गए महाकाव्य इसके उदाहरण हैं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त स्वयं लिखते हैं-

**राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है**
**कोई कवि बन जाए, सहज संभाव्य है।**

भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के ऐसे वटवृक्ष हैं, जिनकी पावन छाया में मानव युग-युग तक जीवन की प्रेरणा और उपदेश लेता रहेगा। जब तक श्रीराम जन-जन के हृदय में जीवित हैं, तब तक भारतीय संस्कृति के मूल तत्व अजर-अमर रहेंगे। श्रीराम भारतीय जन-जीवन में धर्म भावना के प्रतीक हैं, उनमें मानवोचित और देवोचित गुण थे, इसीलिए वे 卐मर्यादा पुरुषोत्तम卐 कहलाए। भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र भारत की सीमाओं को लांघकर विदेशियों के लिए भी शांति, प्रेरणा और नवजीवनदायक बनता जा रहा है। श्रीराम धर्म के साक्षात् स्वरूप हैं, धर्म के किसी अंग को देखना है, तो राम का जीवन देखिये, आपको धर्म की असली पहचान हो जायेगी। धर्म की पूर्णता उनके जीवन में आद्यन्त घटित हुई है।

श्रीराम ने लौकिक धरातल पर स्थिर रहकर धर्म एवं मर्यादा का पालन करते हुए मानव को असत्य से सत्य की ओर, अधर्म से धर्म की ओर तथा अन्याय से न्याय की ओर चलने की प्रेरणा दी है। कर्त्तव्य की वेदी पर अपने व्यक्तिगत सुख-प्रलोभनों की आहुति श्रीराम की जीवन कहानी का सार है। संसार में महापुरुष अपने जीवन, गुण, कर्म, स्वभाव, कर्त्तव्य, बुद्धि, तप-त्याग और तपस्या से जो अमर जीवन-संदेश देते हैं, वही मानवता की स्थायी धरोहर होती है। हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे दैवीय गुणों के धनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की संतानें हैं। श्रीराम का प्रेरक चरित्र भूली-भटकी मानव जाति में नवजीवन चेतना का संचार कर सकता है। उनके जीवन की घटनाएं आज के भोगी विलासी और मानवता का गला घोंटने वाले नामधारी मनुष्य को बहुत कुछ सोचने, करने और जीने की प्रेरणा दे सकती है। उनके जीवन के प्रत्येक क्रियाकलाप से अमर संदेश मिलता है। श्रीराम के द्वारा दर्शित आदर्शों एवं जीवन मूल्यों का भारतीय समाज में बहुत ऊंचा स्थान है। यदि हम सबक लेना चाहें, तो रामायण की प्रत्येक घटना से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

लक्ष्मण जी का श्रीराम जी के साथ वन-गमन करना, भरत जी का राज्य को ठुकराना, पादुका रखकर शासन-व्यवस्था चलाना, परस्पर भाइयों की प्रीति का श्रेष्ठ उदाहरण है। आज भाई-भाई एक दूसरे के रक्त के प्यासे हो रहे हैं, परिवार परस्पर की कलह के कारण टूट रहे हैं। सर्वत्र स्वार्थ, अहंकार और अकेले भोगने की भावना उद्दाम हो रही है। ऐसे में रामायण हमें शिक्षा देती है कि नश्वर सुख-भोग और धन-धाम-धरा के लिए परस्पर लड़ना नहीं चाहिए। चित्रकूट प्रवास-काल में शूर्पणखा द्वारा श्रीराम को अपनी ओर आकर्षित करके विवाह का प्रस्ताव रखने पर राम द्वारा दृढ़ता से मना कर देना प्रेरणा देता है कि यदि जीवन को सुखी और शान्तिमय बनाना है, तो एक पत्नीव्रत का आचरण करना चाहिए। स्वर्णमृग को देखकर सीताजी का उसे पाने की इच्छा करना तथा भगवान राम द्वारा मायावी मृग को पाने के लिए पीछे दौड़ना और सीता जी का हरण हो जाने की घटना आज के जीवन प्रसंगों को बहुत कुछ प्रेरणा दे सकती है। आज का मनुष्य धन की मृगतृष्णा के पीछे पागलों की तरह दौड़ा जा रहा है, जो प्राप्त है उससे संतुष्ट नहीं हो पा रहा है। विज्ञान की चमकीली, भड़कीली, दिखावटी, बनावटी चीजों के पीछे दिन-रात अधर्म-असत्य, छल-प्रपंच का सहारा लेकर दौड़ा जा रहा है। इससे हानि यह हुई है कि आत्मारूपी सीता छिन गई है, भौतिकवादी व्यक्ति सिर्फ शरीर के लिए जीने लगा है तथा इसी मृगतृष्णा में वह जीवन का अंत कर लेता है। रामायण कहती है दुनिया में आंखें खोलकर चलो, सभी चमकने वाली चीजें सोना नहीं होती हैं। चमक-दमक में व्यक्ति हमेशा धोखा खाता है, इसी धोखे में आत्मरूपी सीता का रावण द्वारा हरण होता है तथा बाद में राम-रावण का निर्णायक युद्ध होता है। यदि रामायण से कुछ सीखना है, तो चरित्र निर्माण, विचारों की उच्चता, भावों की शुद्धता, पवित्रता तथा जीवन को धर्म-मर्यादा एवं उच्चादर्श की ओर ले चलना सीखें। सीता जी का राम जी के साथ वन जाना संसार के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ देता है। वनवास राम जी को मिला था, सीता जी को नहीं, रामायण में वनवास का प्रसंग यह शिक्षा देता हैं की नारी की परीक्षा संपत्ति में नहीं विपत्ति में होती है।

राम अपने जीवन की सरलता, संघर्ष और लोकजीवन से सहज रिश्तों के नाते कवियों और लेखकों के सहज आकर्षण का केंद्र रहे हैं। उनकी छवि अति मनभावन है। वे सबसे जुड़ते हैं, सबसे सहज हैं। उनका हर रूप, उनकी हर भूमिका इतनी मोहनी है कि कविता अपने आप फूटती है। किंतु सच तो यह है कि आज के कठिन समय में राम के आदर्शों पर चलता साधारण नहीं है। उनसी सहजता लेकर जीवन जीना कठिन है। वे सही मायनों में इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहे गए। उनका समूचा व्यक्तित्व राजपुत्र होने के बाद भी संघर्षों की अविरलता से बना है। वे कभी सुख और चैन के दिन कहां देख पाते हैं। वे लगातार युद्ध में हैं। घर में, परिवार में, ऋषियों के यज्ञों की रक्षा करते हुए, आसुरी शक्तियों से जूझते हुए, निजी जीवन में दुखों का सामना करते हुए, बालि और रावण जैसी सत्ताओं से टकराते हुए। वे अविचल हैं। योद्धा हैं। उनकी मुस्कान मलिन नहीं पड़ती। अयोध्या लौटकर वे सबसे पहले मां कैकेयी का आशीर्वाद लेते हैं। यह विराटता सरल नहीं है। पर राम ऐसे ही हैं। सहज-सरल और इस दुनिया के एक अबूझ से मनुष्य।

राम भक्त वत्सल हैं, मित्र वत्सल हैं, प्रजा वत्सल हैं। उनकी एक जिंदगी में अनेक छवियां हैं। जिनसे सीखा जा सकता है। अयोध्या का मंदिर इन सद् विचारों, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों का प्रेरक बने। राम सबके हैं। सब राम के हैं। यह भाव प्रसारित हो तो देश जुड़ेगा। यह देश राम का है। इस देश के सभी नागरिक राम के ही वंशज हैं। हम सब उनके ही वैचारिक और वंशानुगत उत्तराधिकारी हैं, यह मानने से दायित्वबोध भी जागेगा, राम अपने से लगेगें। जब वे अपने से लगेगें तो उनके मूल्यों और उनकी विरासतों से मुंह मोड़ना कठिन होगा। सही मायनों में 'रामराज्य' आएगा। कवि बाल्मीकि के राम, तुलसी के राम, गांधी के राम, कबीर के राम, लोहिया के राम, हम सबके राम हमारे मनों में होंगे। वे तब एक प्रतीकात्मक उपस्थिति भर नहीं होंगे, बल्कि तात्विक उपस्थिति भी होंगे। वे सामाजिक समरसता और ममता के प्रेरक भी बनेंगे और कर्ता भी। इसी में हमारी और इस देश की मुक्ति है।

आज के भारत का मिजाज़, अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। यही तो भारत है। विकास और विरासत की यही साझा ताकत, भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी।

**-प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी**
**पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली**

## राशिफल

पौष शुक्ल - द्वितीया | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। मान-सम्मान में ठेस न लगे, इस बात का ध्यान रखिए।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बहुत बचकर पार करें। किसी तरीके का रिस्क न लें। चोट-चपेट लग सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
अपने स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम, संतान मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु परास्त होंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुकता में आकर निर्णय मत लीजिएगा। नुकसान संभव है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी का अनुभव करेंगे। गृह-कलह के संकेत हैं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी लेकिन अभी नए व्यापार की शुरुआत न करें। प्रेम, संतान अच्छा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन-हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। प्रेम, संतान भी बहुत अच्छा नहीं रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
खर्च की अधिकता मन को परेशानी उत्पन्न करेगी। अज्ञात भय सताएगा। कुछ भी चीज खोने और लॉस होने का भय है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
अचानक आय बढ़ सकती है और अप्रत्याशित घटनाएं घटेंगी। थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यापार में उतार-चढ़ाव रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। कुल मिलाकर के एक अप्रत्याशित सा रहेगा जीवन में।

# बिना भेदभाव के काम कर रही है केन्द्र सरकार : नागर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत संकल्प यात्रा कल गांव चूहड़पर बांगर एवं धनौरी गांव में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं राज्यसभा सदस्य सुरेन्द्र नागर रहे। सुरेन्द्र नागर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के काम कर रहीं है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गाँव गाँव जा रही है और अब जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिन्दल, मनोज प्रधान, मण्डल अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, ग्राम प्रधान नन्हे, दीपक प्रधान हाजी वसीम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आईआईए की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की एक बैठक में औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग सरकार से की गई।

संगठन के चेयरमैन राकेश बंसल ने बताया कि यह मांग काफी समय से की जा रही है लेकिन इस पर सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। इस बैठक में संगठन के काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



अयोध्या से आये पूजित अक्षत को कल कुलेसरा में घर-घर वितरित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डा. दीपक कुशवाहा मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की मासिक बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर की बैठक सेक्टर-116 स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कामकाजी बैठक में मुख्य रूप से नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता मौजूद रहे। इस बैठक में पार्टी के द्वारा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई और नमो एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सभी लोग आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाय और पुन: 2024 में भाजपा की सरकार बनवाए।

किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने सभी जिला पदाधिकारीयों और मंडल के पदाधिकारीयो को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ नेतृत्व द्वारा जो भी कार्यक्रम चलाए गए हैं उसे जन-जन तक पहुंचने का कार्य करें और 2024 में प्रचंड जीत के साथ देश में भाजपा की सरकार बनाएं।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधि संयोजक राजीव त्यागी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुक्तानंद प्रधान जी जिला उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, दिनेश चौहान, इंदराज खटाना पप्पू प्रधान, जिला मंत्री सतपाल अवाना,सर्वेश कुमार अभय त्यागी, संदीप उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष शक्ति सिंह ,महेश चंद्र,,संजीव पटेल, मुकेश शर्मा, बलवंत सिंह सहित सभी जिला पदाधिकारी और सभी मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त लोगों को नोएडा प्राधिकरण में नौकरी पाने का सुनहरा मौका

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में 227 पदों को भरने के लिए निकाली गई वैकेंसी सेवानिवृत्त लोगों के लिए खुशखबरी है। अब वे भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सेवानिवृत्त लोग एक निश्चित अवधि के लिए अनुबंध पर रखे जाएंगे। इन पदों के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट और कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। प्राधिकरण में पिछले लंबे समय से रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। इसको लेकर अनेक बार मांग उठ चुकी है, लेकिन फिर भी यह नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। आवेदन के बाद आवेदनकर्ता का साक्षात्कार किया जाएगा। इसके बाद उनको नियुक्ति दी जाएगी। संबंधित आवेदन फार्म और प्रारुप नोएडा प्राधिकरण की ऑफिशियल वेबसाइट से मिलेगा। इस फार्म को भरकर प्राधिकरण के कार्मिक विभाग में जमा करना होगा।

प्राधिकरण में उप महाप्रबंधक पद के लिए-2, सहायक महा प्रबंधक के लिए-1, प्रबंधक पर के लिए-4, कार्यालय अधीक्षक के लिए-16, सहायक के-28, वरिष्ठ वित्त और लेखाधिकारी के- 4, लेखाधिकारी के-10, लेखाकार के-10, सहायक लेखाकार के- 20, डिप्टी कलेक्टर के - 1, तहसीलदार के-4, नायब तहसीलदार के-4, लेखपाल के-4, सुपरवाइजर कानूनगो के-6, सहायक निदेशक उद्यान के -7, उपनिदेशक उद्यान, निरीक्षक उद्यान के-16, प्रबंधक सिविल के -9, सहायक प्रबंधक सिविल के-29, सहायक प्रबंधक जनस्वास्थ्य के -8, सहायक प्रबंधक विद्युत -8, प्रबंधक नियोजन के-2, सहायक प्रबंधक नियोजन के -10, विधि अधिकारी के-2, सहायक विधि अधिकारी के - 1 तथा ड्राफ्टमैन के-1 और निरीक्षक जनस्वास्थ्य के 17 पद हैं।

# दूसरे राज्य की शराब का उपयोग दंडनीय अपराध : सुबोध कुमार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गैर प्रांत (हरियाणा, दिल्ली या किसी अन्य प्रान्त) की शराब लेकर आना अथवा उसका उपभोग करना दंडनीय अपराध है। इस कृत्य के लिए उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 63 के अन्तर्गत व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा जा सकता है और धारा 72 के अन्तर्गत अवैध शराब का परिवहन कर रहे व्यक्ति के वाहन को जब्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गैर प्रांत की शराब मात्र एक बोतल खुली हुई उत्तर प्रदेश में अनुमन्य है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य में यदि किसी को भी गैर प्रान्त की शराब के संबंध में कोई जानकारी होती है तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1- 9454466423, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2- 9454466424, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3- 9454466425, आबाकारी निरीक्षक क्षेत्र 4- 9454466426, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5- 9454466427, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6- 9454466428, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 7- 9454466429 के मोबाइल नम्बरों पर अथवा जिले के टोल फ्री नंबर 8882120733 एवं आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 या 9454466019 पर सम्पर्क कर दे सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# मकान-प्लाट कब्जाने वाले गिरोह पर गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किए गए आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से लोगों की जमीन व मकान पर अवैध कब्जा करने का काम करते हैं।थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रतन, सतीश, जितेंद्र, कुलदीप कुमार, प्रभाकर उर्फ दीपक के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। चारों आरोपी संगठित गिरोह बनाकर धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों की जमीन व मकान पर अवैध कब्जा करने का काम करते हैं जो व्यक्ति उनके इस कार्य का विरोध करता है उसके साथ वह गाली-गलौज कर मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में कई पीड़ितों ने मुकदमे दर्ज कराए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

# काम छोड़ धरने पर बैठे कर्मचारी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नौकरी से निकाले जाने एवं सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के ऊपर हुए हमले के विरोध में कल कर्मचारी काम छोड़ कर कारखाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए।

सीटू के जिला महासचिव रामसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समझौता सिर्फ कंपनी को चालू करने के सवाल पर किया गया है। क्योंकि लंबे समय तक कंपनी का बंद रहना किसी के भी पक्ष में नहीं था और यह कर्मचारियों के एकताबद्ध संघर्ष की जीत है।

# स्वामी विवेकानंद की याद में निकाली रैली

जेवर। जहांगीरपुर नगर पंचायत,पब्लिक इंटर कॉलेज व बह्मादेवी अमीचंद कन्या इंटर कॉलेज जहांगीरपुर के छात्र छात्राओं ने नगर पंचायत कार्यालय से रैली निकाल कर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया ।



नगर पंचायत जहांगीरपुर के चेयरमैन गजेन्द्र मीणा व पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य न संयुक्त रूप से मां शारदे व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र छात्राओं की रैली नगर पंचायत कर्मचारियों ने कस्बे में भ्रमण कराते हुए पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर में समापन कराया गया।

नगर पंचायत जहांगीरपुर के चेयरमैन गजेन्द्र मीणा व प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा व सभासद कुमर सैन शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जन्म से लेकर विश्व धर्म संसद तक के विचार सभी छात्राओं के समक्ष रखें और विश्व में सबसे अधिक युवा भारत देश में है एवं युवा दिवस से प्रेरित होकर सभी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे वक्ताओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी छात्रों को यह संदेश दिया कि वह स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहे।

इस मौके पर अध्यापक मदन गोपालशर्मा,सभासद गौरव शर्मा, गोपाल, टैक्स कलेक्टर बनवारी लाल शर्मा,मनोज कुमार सिंह,संजय,राकेश,विनय शर्मा आदि के अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**विदेशों में 'राम मंदिर....**

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'अखिलेश यादव को कूरियर द्वारा निमंत्रण भेजा गया था। उस पर कोई विवाद नहीं है। अगर उनके दावे के मुताबिक उन्हें यह नहीं मिला है तो हम उन्हें दोबारा निमंत्रण भेज सकते हैं। मायावती को हमारा निमंत्रण मिला है। उन्होंने इसे स्वीकार किया, लेकिन समारोह में शामिल नहीं होंगी। सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है।'

आलोक कुमार के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को भी 22 जनवरी के समारोह में आमंत्रित किया गया है, लेकिन वे नहीं आएंगे। क्योंकि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की यात्रा को लेकर कई तरह के प्रोटोकॉल होते हैं।

**साधुओं की पिटाई पर....**

राम नवमी और अन्य धार्मिक जुलूसों पर हमले हुए हैं। जब वह 'भगवा' रंग देखती हैं तो उन्हें गुस्सा आ जाता है।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वो हमले कराती हैं। यह घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा साधुओं की पिटाई करने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो बंगाल के पुरुलिया जिले का बताया जा रहा है। दावा है कि साधु गंगासागर जा रहे थे, लेकिन पुरुलिया में गुंडों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की।

30 सेकेंड के वीडियो में साधुओं के एक समूह को भीड़ ने निर्वस्त्र कर पीटा। वीडियो में सड़क पर भारी भीड़ देखी जा रही है। एक शख्स संत के केश पकड़कर खींच रहा है। दूसरा लाठी से निर्वस्त्र संत की पिटाई कर रहा। इसके अलावा कुछ लोग लात भी मार रहें हैं।

**सुखपाल हत्याकांड में....**

हमले के मामले को गंभीरता से लेती तो उसकी जान नहीं जाती। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने परिजनों के आरोपों की जांच कराई। जांच के बाद उन्होंने तत्काल प्रभाव से थाना कासना प्रभारी को लाइन हाजिर तथा एसीपी सुशील कुमार को कार्यालय से संबंध करने के निर्देश दिए।

**कार से उड़ाया ....**

चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए गया था। इस दौरान चोरों ने उसकी कार से लैपटॉप, आईफोन का चार्जर, पर्स आदि चोरी कर लिए। पर्स में नगदी, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**गांव में बिजली चोरी ...**

.आरोपियों ने केबल काटने का विरोध करते हुए उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथापाई करते हुए मारपीट की और उनकी कार का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान विद्युत विभाग के सुपरवाइजर सौरभ का मोबाइल फोन भी मौके पर ही गिर गया। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थाना प्रभारी ने बताया कि जेई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

**ऐप ओपन करते ही ....**

फ्लिपकार्ट कंपनी का एग्जीक्यूटिव बताया। उक्त व्यक्ति ने उसे फ्लिपकार्ट एप्लीकेशन ओपन करने के लिए कहा अखिलेश सिंह के मुताबिक उसने जैसे ही ऐप ओपन किया तो उसके क्रेडिट कार्ड अकाउंट से 90000 रूपये की राशि कट गई। फोन पर 90000 रूपये निकालने का मैसेज आने पर उसने जब उक्त व्यक्ति से बात करने का प्रयास किया तो वह फोन स्विच ऑफ मिला। अखिलेश के मुताबिक साइबर ठग ने उसे 9 हजार रुपए का चूना लगा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात तक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**कोहरे में ईस्टर्न पेरिफेरल ....**

कोहरे की वजह से चार ट्रक आपस में भिड़ गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू कराया। इस दौरान क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क किनारे कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि भीषण टक्कर की वजह से दो ट्रक के केबिन में ड्राइवर फस गए थे। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल ड्राइवरो को केबिन से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि घने कोहरे की वजह से ट्रक चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए जिस कारण पीछे आ रहा अमरुद से भरा ट्रक उससे टकराकर पलट गया। घने कोहरे की वजह से दो अन्य ट्रक भी क्षतिग्रस्त वाहनों से आ भिड़े। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर अन्य वाहन चालकों को घटनास्थल से धीरे-धीरे सुरक्षित निकाला। इस हादसे की वजह से कुछ देर के लिए ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित हुआ। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करा कर यातायात को सामान्य करा दिया गया है।

**माँ-बेटे ने किसान कोटे....**

उसने मनोज कुमार व उसकी मां श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वर्गीय जगमाल को बतौर एडवांस के तौर पर 25 लाख रुपए दे दिए थे। पैसे देने के बाद उसने जब बकाया न रकम देकर प्लॉट की रजिस्ट्री करने को कहा तो मनोज व उसकी मां उसे टरकाने लगे। कुछ समय बाद उन्होंने उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया आवेदित के मुताबिक इस दौरान उसे पता चला कि उक्त प्लाट को मनोज व उसकी मां ने किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। इस पर वह 3 अगस्त 2023 को मनोज से अपनी धनराशि मांगने के लिए उसके घर गया। घर पहुंचने पर मनोज व उसके एक साथी ने उसे अपने घर में कैद कर लिया और गाली-गलौज व मारपीट की। किसी तरह इन लोगों के चंगुल से निकलकर उसने थाना बीटा-2 पुलिस को सूचना दीभ। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद आवेदित ने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर मनोज व उसकी मां कृष्ण के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**अस्पताल में इलाज ....**

शराब के अत्यधिक सेवन की वजह से ही उसकी हालत बिगड़ गई थी जिस पर उसके साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है जिसके बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## नोएडा क्राईम

### युवक की हत्या का आरोप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के कुलेसरा गांव के पास हिंडन पुस्ते पर मिले युवक के शव के मामले में परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया।

थाना प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हिंडन पुश्ते पर एक युवक का शव मिला था। शव पर चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान अलीगढ़ निवासी विपिन कुमार के रूप में हुई। विपिन कुमार हाल में थाना फेस 2 क्षेत्र के नंगला चरण दास गांव में किराए पर रह रहा था और एक कंपनी में काम करता था। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी जिसके बाद वह नोएडा पहुंचे परिजनों ने विपिन कुमार की हत्या की आशंका जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### किरायेदार से झगड़े के दौरान हुआ ब्रेनहैमरेज, मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस 1 क्षेत्र के सेक्टर 15 में किराएदार से हुई वाद विवाद के बाद एक महिला का बीपी बढ़ गया और उसे ब्रेन हैमरेज हो गया उपचार के दौरान महिला की अस्पताल में मौत हो गई परिजनों ने इस संबंध में किराएदार के खिलाफ थाने में शिकायत दी है।

सेक्टर 15 ई ब्लॉक निवासी वंदना सिन्हा को परिजनों ने गंभीर स्थिति में कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया था उपचार के दौरान वंदना सिन्हा की मौत हो गई परिजनों ने थाना फेस वन पुलिस से की शिकायत में बताया कि वंदना सिन्हा हाई ब्लड प्रेशर की मरीज थी। किसी बात को लेकर उनका अपने किराएदार से वाद विवाद हो गया था। वाद विवाद के दौरान वंदना सिन्हा का बीपी हाई होने के कारण उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया।परिजनों ने किराएदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना फेस वन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

### गंदे नाले से मिला शव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के गंदे नाले से आज एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है।

थाना सेक्टर 63 पुलिस को किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि गंदे नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कराई तो उसकी शिनाख्त एटा निवासी देवेंद्र सिंह के रूप में हुई। देवेंद्र सिंह हाल में बहलोलपुर गांव में किराए पर रह रहा था और निजी कंपनी में नौकरी करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि देवेंद्र की मृत्यु किस तरह से हुई है। इसके लिए बहलौलपुर में उसके परिचितों से बातचीत कर कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है

### चाचा ने दी जान से मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबुपुरा में एक व्यक्ति ने अपने चाचा के खिलाफ गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने तथा जमीन हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम अकलपुर निवासी नरेश कुमार पुत्र चतुर्भुज सिंह ने बताया कि उसका चाचा मुकेश कुमार उसके कारोबार की वजह से उससे रंजिश रखता है और उसके गांव की जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहा है। पूर्व में भी कई बार मुकेश कुमार ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। नरेश कुमार के मुताबिक उसने अपने चाचा द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत पूर्व में की थी। इस बात को लेकर भी वह उससे रंजिश रखता है इसी कारण उसके चाचा मुकेश ने उसे गांव वालों के सामने जान से मारने की धमकी दी है। नरेश के मुताबिक उसका चाचा दबंग किस्म का व्यक्ति है जिस कारण उसकी धमकी से वह तथा उसका परिवार बुरी तरह भयभीत है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे G20
शुद्धि पत्र- 2 दिनांकः 11.01.2024
GeM बिड संख्या- GEM/2023/B/4384391
दिनांकः 22.12.2023
द्वितीय शुद्धि पत्र
उपरोक्त संदर्भित जेम बिड सं. के तहत, वित्तीय बिड के मूल्यांकन के लिए शुद्धि पत्र-2, मैन पावर लागत की गइना अनुच्छेदत-12ई(आर) के तहत संशोधित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बिड समाप्ति तिथि/समय को भी 24.01.2024, 14:00 के रूप में संशोधित करके जेम वेबसाइट www.Gem.gov.in. पर अपलोड कर दिया गया है। कृपया शुद्धि पत्र - 2 के विवरण हेतु प्रकाशित जेम वेब साइट www.Gem.gov.in. पर जेम बिड सं. GEM/2023/B/4384391 देखें। 2098/23(K)
www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## 56 हजार करोड़ के घोटाले में अरबपति मित्तल सहित 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली। लगभग 56 हजार करोड़ के एक बैंक घोटाले के मामले में ईडी ने सख्त कदम उठाया है। इसमें नामचीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपि?यों में अजय मित्तल,अर्चना मित्तल (नीरज सिंघल की बहन),नितिन जौहरी (पूर्व सीएफओ),प्रेम तिवारी (पूर्व वाइस प्रेसिडेंट),प्रेम अग्रवाल (पूर्व वाइस प्रेसिडेंट) शामिल हैं। दरअसल ये मामला मेसर्स भूषण स्टील लिमिटेड कंपनी और कंपनी से जुड़े कई निदेशकों सहित अन्य ऐसे आरोपियों के खिलाफ था। इसमें विस्तार से तफ्तीश की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के बाद कंपनी से जुड़े पांच प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 56 हजार करोड़ रुपये के इस बैंक घोटाला मामले की शुरुआती तफ्तीश केंद्रीय जांच एजेंसी एसएफआईओ के द्वारा आरोपपत्र द्वारा किया गया था। इसके बाद उस केस को ईडी द्वारा टेकओवर कर लिया गया है और अब मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में तफ्तीश की जा रही है। इस मामले में जांच एजेंसी द्वारा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज सिंघल सहित उसके कई सहयोगियों के खिलाफ भी विस्तार से तफ्तीश की जा रही है, क्योंकि इस मामले में शुरुआती तफ्तीश के दौरान ये भी जानकारी सामने आई थी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सहित उसके कई सहयोगी के द्वारा कई शैल कंपनियों को बनाकर बैंक से कर्ज ली गई रकम को उसी शैल कंपनियों के मार्फत घुमाया गया और बाद में जिस प्रोजेक्ट हेतु लोन लिया गया था और वहां नुकसान दिखा दिया गया। जांच एजेंसी ईडी के द्वारा पिछले साल 09 जून 2023 को मेसर्स भूषण स्टील लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज सिंघल को गिरफ्तार किया गया था. जांच एजेंसी द्वारा इस मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक को करीब करोड़ों रुपये का चूना लगाने के मामले में तफ्तीश के दौरान मिले तमाम सबूतों और दर्ज गवाहों के बयान के बाद कई चल-अचल संपत्तियों को भी अटैच कर चुकी है।

## मिजोरम में 68.41 करोड़ रूपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त

आइजोल। मिजोरम में दो-दो अलग-अलग अभियानों के तहत 68.41 करोड़ रूपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। असम राइफल्स ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। असम राइफल्स के जवानों ने सियाहा जिले के बुआलपुई गांव में छापा मारकर 225 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। असम राइफल्स ने जानकारी दी कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत 1.75 करोड़ रुपये है। इसके संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य ऑपरेशन में जवानों ने चम्फाई जिले के ज़ोखावथर-मेलबुक रोड से 22.2 किलोग्राम वजन वाले मेथामेफटामाइन गोलियों के 20 पैकेट जब्त किए गए जिनकी अनुमानित कीमत 66.66 करोड़ रुपये है।

## आधी रात को हाजीपुर अस्पताल पहुंचे तेजस्वी यादव,व्यवस्थाएं देख अधिकारियों पर भड़के

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अचानक सरकारी अस्पताल की याद आ गई। जिसके कारण उन्होंने आधी रात को हाजीपुर के सदर अस्पताल का निरीक्षण कर किया। वहां के हालात देखकर उन्होंने काफी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों पर अपना गुस्सा निकाला। उपमुख्यमंत्री के अचानक अस्पताल आने की सूचना से कर्मियों के बीच अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। वहीं, इस दौरान आधा दर्जन से अधिक सुरक्षा गार्ड सोए अवस्था में पाए गए। दरअसल, तेजस्वी यादव आधी रात को जिले के सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तेजस्वी यादव को अचानक देख स्वास्थ्य कर्मी में अफरातफरी का माहौल बना रहा। तेजस्वी यादव ने सबसे पहले चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। इसके साथ उन्होंने भर्ती मरीजों को दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। तेजस्वी यादव ने अस्पताल की कमियों को देखकर ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों और अस्पताल अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। वहीं ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को सोए देख स्वास्थ्य मंत्री ने जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जो हम पॉलिसी बनाते हैं, पैसा खर्च करते हैं क्या उसका सही से उपयोग किया जा रहा है या नहीं, लोगों को उसका फायदा हो रहा है या नहीं ये बहुत महत्वपूर्ण है। जमीनी सच्चाई तब तक नहीं पता चलेगी जब तक आप खुद जाकर उसे ना देखें। कई चीजों में सुधार हुआ है लेकिन जिनमें कमियां हैं, उन कमियों को ढूंढ कर उन्हें पूरा करने की जरूरत है।

## मांसाहार परोसे जाने पर एयर इंडिया यात्री ने उठाई आपत्ति

नई दिल्ली। कालीकट से मुंबई जा रही एयर इंडिया की महिला यात्री ने अनापेक्षित मांसाहारी भोजन परोसे जाने से असंतुष्ट होकर एयरलाइन की इन-फ्लाइट खानपान पर असंतोष जताया। यात्री वीरा जैन ने शाकाहारी भोजन के लिए ऑर्डर देने के बावजूद मांसाहारी भोजन परोसे जाने के बाद एक्स पर पीएनआर नंबर और उड़ान विवरण सहित वे मांसाहारी भोजन की तस्वीरें भी पोस्ट की। उन?होंने लिखा, मेरी एयर इंडिया उड़ान एद्ब582 पर चिकन के टुकड़ों के साथ मांसाहारी भोजन परोसा गया। मैं कालीकट हवाईअड्डे से चढ़ी। इस विमान को 18-40 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन 19-40 बजे हवाईअड्डे से रवाना हुआ। उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, जब मैंने केबिन सुपरवाइजर (सोना) को इससे अवगत कराया तो उसने माफ़ी मांगी और बताया गया कि मेरे और मेरे दोस्त के अलावा इसी मुद्दे पर एक से ज?यादा शिकायतें मिली थीं। हालांकि, जब मैंने क्रू को सूचित किया, तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। वीरा ने आगे लिखा, पहले खाना देने में देरी, फिर शाकाहार के बजाय मांसाहार दिया गया जो बेहद निराशाजनक है, इससे मेरी भावनाएं आहत हुई हैं। मैं एयर इंडिया से अपनी खानपान सेवाओं और देरी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहती हूं और सभी को सुझाव दूंगी कि कृपया अच्छी तरह जांच लें कि आप विमान में क्या खा रहे हैं। दो अत्यधिक विलंबित उड़ानों (4 जनवरी को कोझिकोड गई और 8 जनवरी को वापसी) और नॉनवेज परोसे जाने के बाद अब मेरा एयरलाइन के सभी खाद्य पदार्थों पर से भरोसा उठ गया है। वीरा जैन के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तेजी से गति पकड़ी, कई उपयोगकर्ता बातचीत में शामिल हुए और एयर इंडिया की भोजन प्रबंधन प्रथाओं के बारे में चिंता जताई।कुछ लोगों ने विशिष्ट आहार प्राथमिकताओं को पूरा करने में एयरलाइन की क्षमता पर सवाल उठाया, जबकि अन्य ने अपने इसी तरह के अनुभव साझा किए।

## केरल तट पर डूब रही नौका से भारतीय तटरक्षक बल ने 12 मछुआरों को बचाया

कोच्चि। भारतीय तटरक्षक बल ने यहां कोच्चि की एक नौका को डूबने से बचाया जिसमें 12 मछुआरे सवार थे। नौका का निचला हिस्सा पानी के भीतर क्षतिग्रस्त हो गया था और इसके भीतर बेतहाशा पानी भर गया था। शुक्रवार को एक अधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 11 जनवरी को कोच्चि के पास मुनंबम बंदरगाह से रवाना हुई नौका संजू में पानी घुस गया था, जिसके बाद भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) को सहायता की गुहार लगाने के लि एक संकटकालीन कॉल की गयी। तटरक्षक बल ने नाव को पोन्नानी तट से लगभग 22 मील दूर से सफलतापूर्वक बचा लिया। आईसीजी ने बताया कि उसे बृहस्पतिवार को एक संकटपूर्ण कॉल मिली। इसके बाद उसने तुरंत जहाज आईसीजीएस आर्यमन, सी-404 और सी-144 और एक तटरक्षक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को तैनात किया। आईसीजीएस आर्यमन की क्षति नियंत्रण टीम मछली पकड़ने वाली नौका पर चढ़ गई और उसने अभी तक हुई क्षति का का आकलन किया। टीम ने डीजल चालित और पानी के भीतर डूबने वाले पंपों की मदद से नौका में घुसे पानी को निकालने का प्रयास शुरू किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर सीएम यादव ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में की शिरकत

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार में सैंकड़ों विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार सहित योगाभ्यास किया। डॉ यादव ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में माँ सरस्वती एवं भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ मंत्री राकेश सिंह, लखन पटेल, कृष्णा गौर और विधायक भगवानदास सबनानी भी उपस्थित रहे।

# शनिवार को 'इंडिया' गठबंधन की वर्चुअल बैठक, शामिल होंगे शीर्ष नेता, नीतीश कुमार को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ब्लॉक ने शनिवार को 11-30 बजे एक बैठक निर्धारित की है। इस ऑनलाइन बैठक में नीतीश कुमार को समन्वयक नियुक्त किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इस वर्चुअल बैठक में इंडिया गठबंधन के 14 दलों के शीर्ष नेता शामिल होंगे। हालांकि इससे पहले दो बार ऑनलाइन बैठक को रद्द किया जा चुका है। पिछले सप्ताह भी इंडिया गठबंधन के नेताओं की ऑनलाइन बैठक होने वाली थी। शनिवार को यह ऑनलाइन बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है जब कांग्रेस तमाम क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मंथन कर रही है।

इंडिया गठबंधन के सामने वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती संयोजक पद है। माना जा रहा है कि कल के बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनने पर फैसला हो सकता है। साथ ही साथ इसकी घोषणा भी की जा सकती हैं। इसके अलावा जिन राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर मामला बिगड़ रहा है वहां बड़े नेताओं के बीच बातचीत हो सकती है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए कांग्रेस को दो लोकसभा सीटों की पेशकश करने वाली तृणमूल कांग्रेस ने बाद की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के साथ आगे की बातचीत से इनकार कर दिया है, लेकिन दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है।

कांग्रेस के गठबंधन पैनल के एक सदस्य के अनुसार, टीएमसी द्वारा दी गई दोनों सीटें पहले से ही कांग्रेस के पास हैं, जिससे पार्टी के लिए समझौते को स्वीकार करना मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीएमसी ने मेघालय में भी एक सीट का अनुरोध किया है और दावा किया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 13.8प्र. वोट मिले थे, जो कांग्रेस से थोड़ा अधिक है। कांग्रेस के दिग्गज नेता मुकुल वासनिक के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय गठबंधन समिति पहले ही सीटों पर चर्चा के लिए जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, शिव सेना (उद्धव), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ बैठक कर चुकी है।

## सलमान की पत्नी के खिलाफ वारंट

बरेली। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। लुईस खुर्शीद के अलावा डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव अतहर फारुखी के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट ने बीडब्लू बारंट जारी किया। लुईस पर आरोप है कि उन्होंने आपराधिक षडयंत्र, कूटरचना, जालसाजी के जरिए 71 लाख रुपये गबन किए हैं। मार्च 2010 में डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट को प्रदेश के 17 जिलों में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल और सुनने के यंत्र वितरित करने के लिए केंद्र सरकार से 71.50 लाख रुपये का अनुदान मिला था। ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर गबन का आरोप लगा था। लुईस खुर्शीद इस परियोजना की निदेशक थीं। यूपी के 17 जिलों में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक राम शंकर यादव ने वर्ष 2010 में थाना भोजीपुरा में तहरीर दी थी कि डॉ जाकिर हुसैन मैमोरियल ट्रस्ट को मिली अनुदान राशि में 3 लाख रुपये के उपकरण बरेली के विकलांगजनों को कैम्प लगाकर निशुल्क वितरित किये जाने का निर्देश था। ट्रस्ट द्वारा 21 लाभार्थियों की फर्जी सूची भेजी गयी जिसमें भोजीपुरा में कैम्प का आयोजन दर्शाया था। सत्यापन में पाया कि कैम्प लगा ही नहीं और रकम डकार ली गयी। ट्रस्ट प्रतिनिधि प्रत्युश शुक्ल के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी।



# रामलला प्राणप्रतिष्ठा : मप्र, छग और असम ड्राई स्टेट घोषित

**– राज्यों में लगी बड़ी स्क्रीनों पर प्रसारित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देख सकेंगे लोग**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ ने 22 जनवरी को स्कूलों में छुट्टियों और शराबबंदी जबकि असम में ड्राई स्टेट घोषित किया गया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने बताया कि 18 जनवरी से 21 जनवरी तक हम राज्य भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर स्वच्छ तीर्थ उत्सव मनाएंगे। 22 जनवरी को हम सभी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण को देखेंगे, इसके लिए हम राज्य भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाएंगे। उन्होंने कहा, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीनें लगाई जाएंगी। 21 और 22 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ता बाजार और अन्य क्षेत्रों में दीपक जलाएंगे। इस संबंध में शुक्रवार को इस संबंध में हुई प्रदेश भाजपा की संपन्न बैठक में सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, प्रभारी, सह-प्रभारी, पदाधिकारी, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता उपस्थित थे। शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को राज्य में ड्राई स्टेट घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश ने भी गुरुवार को सभी शराब की दुकानें 22 जनवरी को बंद रखने के निर्देश जारी किए। यूपी की सभी शराब की दुकानें 22 जनवरी 2024 को बंद रखने के संबंध में आबकारी आयुक्त ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया है कि 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राज्य में शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिभा दिवस पर 100 चार्टर्ड विमान अयोध्या में उतरेंगे। उन्होंने कहा, राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए 22 जनवरी को लगभग 100 चार्टर्ड विमान अयोध्या हवाई अड्डे पर उतरेंगे। अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को शुरू होंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वर्ष 2024 की अपनी पहली अयोध्या यात्रा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अयोध्या में स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि रामनगरी सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में सामने आए। उन्होंने कहा, ÷सड़कों पर दिखाई नहीं देना चाहिए, और शौचालयों को प्रतिदिन साफ किया जाना चाहिए।

## पीएम मोदी ने शुरु किया विशेष अनुष्ठान,कहा आशीर्वाद का आकांक्षी हूं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी शुक्रवार से 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान शुरु किया है। उन्होंने अपने एक्स पर पर अपने संदेश में कहा कि 'अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है।इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है।' पीएम मोदी ने अपने वीडियो संदेश की शुरुआत सियावर राम चंद्र की जय कहकर किया। उन्होंने कहा, 'मेरे देशवासियों, राम-राम. जीवन के कुछ क्षण ईश्वरीय आशीर्वाद की वजह से ही याथार्थ में बदलते हैं। आज हम सभी भारतीयों के लिए, दुनियाभर के रामभक्तों के लिए, ऐसा ही पवित्र अवसर है। हर तरफ प्रभु श्रीराम की भक्ति का अद्भुत वातावरण है। चारों दिशाओं में राम नाम की धुन राम भजनों की अद्भुत सौंदर्य माधुरी है।

## खूंखार गैंगस्टर अर्श डल्ला ने दुश्मन देशों में ले रखी है पनाह

**–दिल्ली पुलिस ने दो शॉर्प शूटर्स को किया गिरफ्तार, 700 गुर्गे देश में सक्रिय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी और खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिशें रचने का काम हो रहा है। इससे देश के दुश्मनों की एक नई फौज तैयार हो रही है। इनमें कनाडा से आतंक को बरपाने वाले आतंकियों की लिस्ट में खूंखार गैंगस्टर अर्श डल्ला का नाम शीर्ष पर है। आतंकियों की ये फौज सात समंदर पार कनाडा में बैठकर हिंदुस्तान में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रही है। इनकी वजह से अंडरवर्ल्ड के बाद अब एक नए तरह का संगठित अपराध तेजी से अपने पैर पसार रहा है। हालांकि, देश की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस इन पर लगाम लगाने की पूरी कोशिश कर रही हैं। इनके खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई भी करती हैं। ताजा मामला, कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला से जुड़ा है। उसके दो खतरनाक शार्प शूटर्स को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। खालिस्तानी आतंकवादियों की गैंग में शामिल हो चुका गैंगस्टर अर्श डल्ला राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए, दिल्ली पुलिस और पंजाब पुलिस की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है।

बताया जा रहा है कि उसके 700 से ज्यादा शूटर्स हिंदुस्तान में सक्रिय हैं। जो उसके एक इशारे पर किसी की भी जान ले सकते हैं। उसका गैंग एक्सटॉर्शन, टेरर फंडिंग, फाइनेंसिंग, टारगेट किलिंग, ड्रग्स स्मगलिंग के साथ पंजाब में नफरत और दहशत फैलाने का काम करता है। इसी बीच दिल्ली पुलिस को सूचना मिली कि उसके दो शार्प शूटर्स एक पंजाबी सिंगर एली मंगत पर हमले की साजिश रच रहे हैं। इसके लिए वह दिल्ली आने वाले हैं। इससे पहले ही पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें मयूर विहार के पास घेर लिया। दरअसल पंजाब की नई पीढ़ी नशे के जाल में इस कदर जकड़ गई कि जरायम की दुनिया में उनके कदम बढ़ गए। धीरे-धीरे इने कई गैंग बन गए। इनका मुख्य काम रंगदारी वसूलना, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी करना बन गया। जब पुलिस का दबाव बना तो इन गैंग के सरगना देश के दुश्मनों के सहयोग से कनाडा और अमेरिका में पहुंच गए। इस समय लॉरेंस बिश्नोई से लेकर बब्बर खालसा तक कई गैंग और आतंकी संगठन विदेशों में बैठकर आतंक को संचालित कर रहे हैं। इनके टारगेट पर ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के नाबालिग बच्चे होते हैं। इनसे ऐप और सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया जाता है। उनको पैसों का लालच देकर बड़ी वारदातों को अंजाम दिलवाया जाता है। कुछ इसी तरह पंजाब के तरनतारन जिले का रहने वाला लखबीर सिंह एक गैंग के संपर्क में आया था। जो बड़ा आतंकी बन गया। इधर कनाडा में रहते हुए भारत में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के खिलाफ केंद्र सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए आतंकवादी घोषित किया है। गोल्डी को लॉरेंस बिश्नोई का राइट हैंड भी माना जाता है। उसके इशारे पर ही बिश्नोई गैंग के गुर्गों ने सिंगर की हत्या की थी।

## हिमाचल में बेटियों की शादी की उम्र 21 साल हो सकती

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को शिमला में बड़ा फैसला लिया गया। प्रदेश में अब लड़कियों की शादी 21 साल में हो सकती है। लड़की की शादी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष करने का प्रस्ताव कैबिनेट ने मंजूरी दे दी हैं। इसके बाद अब न्यूनतम आयु 18 से 21 वर्ष करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसके बाद अब न्यूनतम आयु 18 से 21 वर्ष करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को शिमला में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में हिमाचल में नई फिल्म पॉलिसी को मंजूरी दी गई। फिल्म काउंसिल बनाने को भी मंजूरी दी गई है। नई पॉलिसी के तहत हिमाचल में अब शूटिंग के लिए जरूरी परमिशन तीन दिन के भीतर मिलेगी। इससे, फिल्म निर्माताओं को लाभ मिलेगा। कैबिनेट मीटिंग में मुख्यमंत्री विधवा एकल नारी योजना और हिमाचल प्रदेश डिजिटल पॉलिसी को भी मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, पीरियड बेस्ड गेस्ट टीचर भर्ती करने का फैसला हुआ है। कैबिनेट ने इसके लिए 2600 पद मंजूर किए हैं। उधर, हिमाचल में पटवारियों के पद फिलहाल डिस्ट्रिक्ट काडर से ही भरे जाएंगे। साथ ही स्कूलों में बच्चों के 6 वर्ष की आयु में दाखिले के नियम में छूट देने का फैसला भी कैबिनेट मीटिंग में हुआ है।

हिमाचल कैबिनेट में सबसे अहम फैसला सूबे में लड़कियों की शादी को लेकर किया गया है। मीटिंग में प्रस्ताव पास किया गया है कि अब हिमाचल में लड़कियों की शादी 21 साल भी ही माता पिता कर पाएंगे। हालांकि, अभी यह प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा और फिर वहीं से अंतिम मुहर लगेगी।

## पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की ममता ने की वकालत, केन्द्र को चिट्ठी लिखकर गिनाए नाम बदलने के फायदे




**कोलकाता (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि वेस्ट शब्द से हमारा नंबर पीछे चला जाता है,इसलिए तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला कर देना चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री बनर्जी ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होने कई उदाहरण देते हुए कहा कि केंद्र को नाम बदलने में कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए। सीएम ममता बनर्जी ने एक बार फिर से राज्य का नाम बदलने की मांग की है। ममता बनर्जी ने नया नाम सुझाते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल को बांग्ला कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बॉम्बे का नाम मुंबई हो सकता है और उड़ीसा का नाम ओडिशा हो सकता है तो फिर हमारी क्या गलती है? कोलकाता में ममता ने कहा, हमने राज्य की विधानसभा से इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर दिया था। हमने उनके आगे पूरी बात भी रख दी है। लेकिन लंबे समय से मांग करने के बाद भी उन्होंने हमारे राज्य का नाम बांग्ला नहीं रखा है।

ममता बनर्जी ने नाम बदले जाने के फायदे भी गिनाए हैं और कहा कि ऐसा हुआ तो हमें फायदा होगा। अल्फाबेटिकली हम थोड़ा ऊपर आ जाएंगे क्योंकि वेस्ट हट जाएगा। इससे कंपीटिशन की तैयारी करने वाले छात्रों को फायदा होगा। सीएम ने कहा, यदि हमारे राज्य का नाम बांग्ला हो तो हमारे बच्चों को मदद मिलेगी। हम मीटिंग में हमें आखिर तक इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब वेस्ट की जरूरत भी नहीं है क्योंकि यह तब था, जब ईस्ट भी भारत में था। अब जब ईस्ट बंगाल भारत में है तो फिर वेस्ट की कोई जरूरत नहीं है। अब सिर्फ एक ही बंगाल है। इसे हमें बांग्ला कहना चाहिए। उन्होंने इसे लेकर पंजाब का उदाहरण भी दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान में भी पंजाब नाम का एक प्रांत है, जबकि भारत में पहले से ही है। ममता ने कहा, पाकिस्तान का एक प्रांत पंजाब है। भारत में भी पंजाब है। यदि बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश हो सकता है तो फिर हमें वेस्ट बंगाल रहने की क्या जरूरत है। हमें बांग्ला होना चाहिए। बता दें कि इससे पहले 2011 में तृणमूल कांग्रेस की सरकार जब बनी थी तो उसने राज्य का नाम बदलकर पश्चिम बंग या पश्चिम बंगो करने की मांग रखी थी। फिर 5 साल बाद ममता सरकार ने एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें बंगो या बांग्ला नाम रखने की मांग की गई। यही नहीं ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में गंगा सागर मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की भी मांग की है। ममता बनर्जी ने कहा कि इस संबंध में हमने पहले भी मांग की थी और एक बार फिर से कर रहे हैं। इस बार भी हम 250 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। हमें खुशी है कि कुंभ मेले की राष्ट्रीय पहचान है, लेकिन वह हर साल आयोजित नहीं होता। गंगासागर मेला तो हर साल लगता है। उन्होंने कहा कि हर साल करीब 1 करोड़ लोग गंगासागर आते हैं।

# मुस्लिमों में भी लोकप्रिय हो रहे पीएम मोदी,दिया नया नारा- न दूरी न खाई मोदी हमारा भाई

**लखनऊ (एजेंसी)।** बीजेपी मुस्लिम समुदाय में पैठ बनाने की कोशिशों में जुटी है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के होने वाले सम्मेलन की थीम 'शुक्रिया मोदी भाईजान' है। जानकारों की मानें तो इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए उठाए गए कल्याणकारी कदमों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही इसे समुदाय के लोगों तक पहुंचाने की भी कोशिश की जाएगी। 'न दूरी है, न खाई हैज्मोदी हमारा भाई है' के नारे भी सम्मेलन में गूंजेंगे। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के सम्मेलन में पार्टी के दिग्गज नेता शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ ही वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के इस सम्मेलन में बड़ी तादाद में मुस्लिम महिलाएं भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

लोकसभा के पिछले दो चुनावों में बीजेपी का यूपी में जबर्दश्त प्रदर्शन रहा है। केंद्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में भी अपना प्रदर्शन बरकरार रखने की जुगत में है। उत्तर प्रदेश में मुस्लिमों की बड़ी आबादी है। लोकसभा चुनावों में इनकी भूमिका बेहद अहम हो जाती है। इसे देखते हुए बीजेपी ने इस महीने लखनऊ में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक करने का ऐलान किया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के इस सम्मेलन में देशभर से मुस्लिम प्रतिनिधि जुटेंगे। इसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भाजपा का यह महासम्मेलन 15 जनवरी 2024 को लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। इसमें दिग्गज नेताओं के जुटने की संभावना है। महाजुटान का आयोजन लखनऊ के क्राइस्ट चर्च कॉलेज में दोपहर बाद 2 बजे होगा।कुछ महीनों के बाद देश में लोकसभा चुनाव होने हैं। विपक्षी दल इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा भी इसमें पीछे नहीं रहना चाहती है। प्रदेश में विधानसभा की 403 सीटें हैं, जबकि लोकसभा की 80 सीटें यूपी में हैं। उत्तर प्रदेश में देशभर में लोकसभा की सबसे ज्यादा सीटें हैं। ऐसे में यह प्रदेश सभी दलों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। कहा भी जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है।



# दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड ने की टी20 वर्ल्ड कप में विराट-रोहित को खिलाने की वकालत

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्लाइव लॉयड ने भारत की टी20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल करने की वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इन दोनों का अनुभव अहम रहेगा क्योंकि टीम को सिर्फ युवाओं से भरना समझदारी नहीं है। भारतीय चयनकर्ताओं ने हाल में इन दोनों को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चुना है जिससे संकेत मिला कि ये दोनों अब भी छोटे प्रारूप की योजनाओं में शामिल हैं।

कोहली व्यक्तिगत कारणों से मोहाली में श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाये थे। बहस चल रही है कि आईसीसी ट्राफी के सूखे के ध्यान में रखते हुए इन दोनों को युवाओं के लिए जगह बनानी चाहिए या खेलना चाहिए। ताजा झटका भारत का पिछले साल नंबर में वनडे विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हारना रहा। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान लॉयड ने यहां मीडिया से कहा, ''आप अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनना चाहते हो, आप सिर्फ युवा खिलाड़ियों से अपनी टीम नहीं भर सकते। आपको अनुभव भी चाहिए।''

यहां सतगाछिया हाई स्कूल के 75वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे लॉयड ने कहा, ''कोहली अब भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। रोहित बतौर कप्तान काफी अच्छे हैं। इसलिये आप अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनो। आपके पास कुछ युवा खिलाड़ी भी होंगे क्योंकि आपके पास यहां बहुत सारे क्रिकेटर हैं और वे उम्रदराज खिलाड़ियों की जगह ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा ही होना चाहिए। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि आपकी मजबूत टीम होगी।'' भारतीय टीम में अपने पसंदीदा बल्लेबाज के तौर पर लॉयड ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर को चुनते हुए कहा, ''मुझे गिल पसंद है, वह अच्छा क्रिकेटर लगता है और श्रेयस अय्यर भी। भारत में इस समय काफी क्रिकेटर हैं।''

उन्हें हालांकि लगता है कि भारतीय काफी ज्यादा क्रिकेट खेल रहे हैं जिससे खेल में रूचि कम हो सकती है। लॉयड ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में क्रिकेट समुदाय की चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ''मुझे लगता है कि टीम



काफी अच्छी है और अगर ऐसा ही खेलते रहे तो वे अच्छा करेंगे। लेकिन समस्या यह है कि वे शायदा ज्यादा क्रिकेट खेल रहे हैं जिससे दिलचस्पी कम हो सकती है।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची, चीन जोड़ी को दी मात



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को कुआलालंपु में आयोजित मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची।

पिछले साल एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा।


अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने इससे पहले शीर्ष रैंकिंग और दो बार की विश्व चैंपियन मायू मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जोड़ी को हराकर सुर्खियां बटोरी थी।

भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा और नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी। यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी। इवानागा तथा नाकानिशी ने पिछले महीने लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के फाइनल में अश्विनी और तनीषा की जोड़ी को हराया था।

इस भारतीय जोड़ी ने पिछले महीने लखनऊ और ओडिशा में दो प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने के अलावा गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही खत्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली। भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

# बीबीएल में वापसी पर हेलीकॉप्टर से मैदान पर उतरेंगे वार्नर



**सिडनी (एजेंसी)।** हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलियई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अब घरेलू क्रिकेट लीग बिग बैश (बीबीएल) में सिडनी थंडर के लिए सत्र के अंतिम तीन गेम खेलेंगे। वार्नर की बीबीएल में वापसी के लिए भव्य इंतजाम किये गये हैं। वह शाही अंदाज में हेलीकॉप्टर से सिडनी मैदान में उतरेंगे।

सिडनी थंडर के लिए अंतिम तीन मैचों के बाद वार्नर आईएलटी20 लीग में दुबई कैपिटल्स में शामिल होने के लिए संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे। उनके हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 से 13 फरवरी तक होने वाली ट्वेंटी 20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है। ये जून में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया में उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। बीबीएल में वार्नर की वापसी इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि टीम में शामिल इंग्लैंड के ऑलराउंडर टॉम करन चोटिल होकर बाहर हो गये हैं। करन सिडनी सिक्सर्स के साथ मुकबले में घुटने की चोट के कारण बाहर हो गये हैं। वह अंपायर से विवाद के कारण लगे प्रतिबंध के कारण आईएलटी20 में भी नहीं खेल सकेंगे।

# विश्व कप टीम में जगह बनाने पर अक्षर की नजरें, टेस्ट श्रृंखला और आईपीएल में छोड़ना चाहेंगे छाप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहाली ~चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए।

उन्होंने कहा, 'मेरा काम अपना 100 प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है।' भारत को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप से पहले दो और टी20 मैच खेलने हैं। अक्षर ने कहा, 'हमें विश्व कप से पहले दो ही टी20 और खेलने है जिसके बाद आईपीएल है। मुझे पता है कि प्रतिस्पर्धा कड़ी है लेकिन मेरी स्पर्धा खुद से ही है। मैं अपने हुनर पर मेहनत करना चाहता हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि मैं चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल सका लेकिन इस दौरान मैंने अपने खेल पर मेहनत की। मैं एनसीए में अपने खेल पर काम कर रहा था। मेरे पास लेग स्पिनर की तरह विविधता नहीं है लिहाजा बाएं हाथ के स्पिनर के तौर पर मैने अपनी गेंदबाजी पर मेहनत की।'



# पहले टी20 मुकाबले में कई सकारात्मक चीजें हुईं : रोहित

### –रन आउट पर बोले, हमेशा आपके अनुसार नहीं होता

**मोहाली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले कई सकारात्मक चीजें देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्पिनरों और तेज गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है। भारतीय टीम को इस मैच में शिवम दुबे के अर्धशतक से जीत मिली है जिससे वह तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा पहले ही ओवर में तेजी से रन लेने के प्रयास में रन आऊट गए थे क्योंकि शुभमन ने उनका साथ नहीं दिया। इससे रोहित ने मैदान पर ही शुभमन से नाराजगी जतायी हालांकि बाद में रोहित ने कहा कि इस प्रकार के मामले होते रहते हैं क्योंकि सब कुछ आपके अनुसार नहीं होता। रोहित ने इस दौरान कैच छूटने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि गेंद मेरी उंगली की नोक पर लगी थी जिस कारण तेज दर्द हुआ पर धीरे धीरे यह ठीक हो गया। रोहित ने शुभमन के साथ हुए रन आऊट विवाद पर कहा कि ये चीजें होती रहती हैं। रोहित बोले, आप वहां रहना चाहते हैं और टीम के लिए रन बनाना चाहते हैं। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा।मैं चाहता था कि शुभमन आगे बढ़ें। रोहित ने कहा कि आज अच्छी चीजें देखने को मिलीं। शिवम और जीतेश ने अच्छी बल्लेबाजी की। तिलक और रिंकू अच्छी फॉर्म में हैं। हम उन क्षेत्रों में अपने को चुनौती देना चाहते हैं जिनमें हम थोड़े असहज हैं। हम यह पक्का करना चाहते हैं कि हम शीर्ष पर आएं।

# तिलक को शायद ही दूसरा मैच खेलने को मिले : आकाश



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा के हाल के प्रदर्शन पर निराशा जतायी है। तिलक अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में बड़ी पारी नहीं खेल पाये। चोपड़ा ने कहा कि तिलक ने अवसरों का पूरी तरह से फायदा नहीं उठाया है। इससे तीन मैचों की सीरीज के आगामी मैचों में विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल को जगह मिलनी तय है। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में भारतीय टीम की जीत के बाद आकाश ने कहा, रोहित शर्मा और शुभमन गिल के आउट होने के बाद तिलक वहां थे और शिवम दुबे को ऊपरी क्रम में भेजा गया। तिलक ने कुछ समय तक अच्छा खेला पर फिर वह संयम खोकर आउट हो गये। तिलक ने अपने अवसर का पूरी तरह से फायदा नहीं उठाया है। उन्होंने कहा, क्या तिलक अगला मैच खेलेंगे? मुझे लगता है कि उन्हें बाहर किया जा सकता है क्योंकि अगर विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल दोनों उपलब्ध हो जाते हैं, तो कौन बाहर जाएगा? कोई भी शिवम को बाहर नहीं रखेगा है और न ही कोई रिंकू सिंह को। शुभमन के बारे में नहीं पता लेकिन मुझे लगता है कि तिलक वर्मा को अगले मैच के लिए बाहर किया जा सकता है। अब तक 16 टी20आई में तिलक ने 15 पारियों में 33.60 की औसत और 139.41 की स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतकों के साथ 336 रन बनाए हैं पर वेस्टइंडीज में शानदार पदार्पण श्रृंखला के बाद तिलक का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है और वह 10 पारियों में 23.28 की औसत से केवल 163 रन ही बना पाये हैं।

# भारतीय निशानेबाज अखिल श्योराण ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीता स्वर्ण पदक

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। श्योराण ने 460 . 2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं तोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459 . 0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किये। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के नीरज कुमार चैन सिंह ने भी क्वालीफिकेशन में भाग लिया लेकिन सिर्फ रैंकिंग अंक हासिल करने के लिये। वह फाइनल में प्रवेश की पात्रता नहीं रखते थे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में तीनों भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफाइंग दौर में ऐश्वर्य दूसरे, श्योराण तीसरे और कुसाले चौथे स्थान पर रहे जबकि चीन के यू हाओ शीर्ष रहे। फाइनल में श्योराण ने नीलिंग पोजिशन में 153, प्रोन में 154 और स्टैंडिंग में 100.9 अंक बनाये। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा शनिवार को होगी। भारत के आदर्श सिंह और विजयवीर सिद्धू क्वालीफाइंग के पहले दिन छठे और सातवें स्थान पर हैं। भारतीयों के पास ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका है चूंकि शीर्ष छह क्वालीफाई करेंगे और कोरिया तथा जापान के कम से कम तीन निशानेबाज उनके ऊपर हैं जो इस चरण में कोटा हासिल करने की पात्रता नहीं रखते।



# पेरिस ओलंपिक पर भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें, अमेरिका के खिलाफ अभियान का आगाज

**नोएडा (एजेंसी)।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसकी नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका के साथ रखा गया है। वहीं जर्मनी, पूर्व एशियाई चैम्पियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं। अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा। भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है। भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, '' हम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है।'' उन्होंने कहा, '' हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर पायेंगे।'' टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिये 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी सुधार करना होगा जो लंबे समय से समस्या रही है। टूर्नामेंट से ठीक पहले भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने खिलाड़ियों को अभ्यास कराया है। शॉपमैन ने कहा ,'' रूपिंदर काफी अनुभवी खिलाड़ी है और उसे पता है कि डी के भीतर दबाव का सामना कैसे करना है। उसके सत्र से गुरजीत कौर और दीपिका को काफी मदद मिली।'' वंदना की गैर मौजूदगी में लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और बलजीत पर दबाव होगा जबकि डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका होंगे।

# वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनुभवहीन टीम भेजना गलत : डुजॉन



किंग्स्टन । वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जेफरी डुजॉन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए युवा खिलाड़ियों की टीम भेजने पर नाराजगी जतायी है। डुजॉन के अनुसार इस अनुभवहीन टेस्ट टीम भेजने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। उन्होंने कहा कि इस दौरे में केवल कप्तान क्रैग ब्रैथवेट, केमार रोच, अल्ज़ारी जोसेफ, जोशुआ दा सिल्वा और टैगेनारिन चंद्रपॉल ही अनुभवी हैं। जेसन होल्डर और काइल मेयर्स अभी फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेल रहे हैं जबकि जेडन सील्स कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में टेस्ट टीम में 15 खिलाड़ियों में से 7 गैरअनुभवी हैं। अनुभवहीन खिलाड़ी हैं बल्लेबाज जाचरी मैकास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ। डुजॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की हालत हमारे समान नहीं हैं। हो सकता है कि उनके खिलाड़ी अधिक देशभक्त हों और राष्ट्रीय टीम से खेलने को अधिक वरीयता देते हों। अन्होंने कहा कि अगर हमने युवा टीम को किसी कमजोर देश से खेलने के लिए भेजा होता तो बेहतर होता पर ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ युवाओं को भेजना कहीं से भी सही नहीं है। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 17 जनवरी को एडिलेड में शुरू होगा। उसके बाद 25 जनवरी से गाबा में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। अंतिम बार वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में 1992/93 में टेस्ट सीरीज जीती। वहीं टेस्ट क्रिकेट को लेकर डुजॉन ने कहा कि जब तक आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं खेलेंगे तब तक क्रिकेट में सुधार नहीं हो सकता।

# अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से पारी की शुरुआत करेंगे स्मिथ

सिडनी । डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद अब अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत का अवसर मिलना तय है। इसका कारण ये है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) स्मिथ को वार्नर के बेहतर विकल्प के रुप में देखता है। सीए चाहता है कि उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर स्मिथ उतरें। स्वयं वॉर्नर ने भी अंतिम टेस्ट मैच खेलने के बाद कहा था कि स्मिथ पारी की शुरुआत के लिए बेहतर रहेंगे। वहीं चयनकर्ता भी स्मिथ के अनुभव को देखते हुए ये जिम्मेदारी उन्हें देना चाहते हैं। स्मिथ ने साल 2010 में टेस्ट करियर की शुरुआत लेग स्पिनर के रूप में की थी। इसके बाद वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते-करते तीसरे नंबर पर पहुंचे। वहीं अब वह पारी की शुरुआत के लिए तैयार हैं। स्मिथ ने भी हाल ही में इच्छा जताई थी कि वह टेस्ट में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। स्मिथ ने सबसे ज्यादा नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है। अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैचों में ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए नजर आयेंगे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए कहा कि स्मिथ टेस्ट मे शुरुआत करेंगे। स्मिथ की गिनती आज विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में आठवे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। स्मिथ टीम के कप्तान भी रहे हैं। स्मिथ आज ऑस्ट्रेलियाई टीम के अहम सदस्य हैं। उनकी गिनती वर्तमान समय के पसंदीदा चार बल्लेबाजों में होती है। इस सूची में विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, केन विलियम्सन और बाबर आजम जैसे नाम हैं।



# सौरव गांगुली पर बायोपिक बनना फाइनल, विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत में बॉलीवुड बायोपिक बनाने का सिलसिला आगे बढ़ने जा रहा है। अब इस लिस्ट में सौरव गांगुली का नाम आया है जिनके लीड रोल में विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना फाइनल हो गए हैं। बॉलीवुड में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल के खिलाड़ियों पर कई बायोपिक्स बनी हैं। अब इसे आगे बढ़ाते हुए निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग गांगुली आगे बढ़ चुके हैं। बायोपिक का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करेंगे जोकि उड़ान, लुटेरा, जुबली आदि फिल्में बना चुके हैं।

निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग ने आयुष्मान खुराना और विक्रमादित्य मोटवाने को एक-साथ लाकर चर्चा बटोरी है। गांगुली की तरह आयुष्मान भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रहे हैं। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द होगी। बताया जा रहा है कि गांगुली की भूमिका के लिए पहले रणबीर कपूर को एप्रोच किया गया था, लेकिन किसी कारण बात बन नहीं पाई। फिल्म के लिए कास्ट होकर आयुष्मान खुराना दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत, इमरान हाशमी, श्रेयस तलपड़े और तापसी पन्नू की श्रेणी में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्क्रीन पर वास्तविक जीवन के क्रिकेटर की भूमिका निभाई है।

बॉलीवुड और क्रिकेट का नाता बहुत पुराना है। 1960 के दशक से भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी ने बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के साथ शादी की थी। इसके बाद दोनों जगत से कई जोड़ियां बनीं। इसी क्रम में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा देश की पसंदीदा सेलिब्रिटी जोड़ी बनी। इस दौरान कई भारतीय फिल्में क्रिकेट या क्रिकेटरों पर आधारित रही, जिनमें लगान, एमएस धोनी~द अनटोल्ड स्टोरी, 83 और शाबाश मिठू शामिल हैं। बता दें कि सौरव चंडीदास गांगुली जिन्हें दादा के नाम से भी जाना जाता है, भारत को 20 साल बाद 2003 के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में लेकर गए थे। उन्होंने बतौर कप्तान टीम इंडिया को ऐतिहासिक उपलब्धियां दिलाईं। कप्तान के रूप में उन्होंने 2002 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके अलावा 2003 क्रिकेट विश्व कप और 2000 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया। उन्हें आधुनिक भारतीय टीम का जन्मदाता माना जाता है।



## एक दिन की पूजा से संवारे सभी

# बिगड़े काम

उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर बसा है रणजीत हनुमान जी का मंदिर। मान्यता है की रणजीत हनुमान मंदिर में आने वाले भक्त एक दिन की पूजा से अपने सभी बिगड़े काम संवार सकते हैं। वैसे तो हनुमान जी को गुड़ और चने बहुत प्रिय हैं मगर हनुमान जी के कुछ ऐसे मंदिर भी हैं जहां उनका रूप लड्डू मांगते हुए देखा जा सकता है।



रणजीत हनुमान जी को भक्तों द्वारा अर्पित किए गए मोतीचूर और बेसन के लड्डू बहुत प्रिय हैं।

मान्यता है की तुलसी के पत्ते के साथ जो भी भक्त रणजीत हनुमान जी को लड्डूओं का भोग लगाता है उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। जीवन रूपी कठिन से कठिन जंग में सफलता हासिल करने के लिए मंगलवार या शनिवार को यहां पूजा करना रामबाण उपाय है। जिसका कोई तोड़ नहीं है। व्यक्ति के जीवन में सुख और धन की कोई कमी नहीं रहती।

प्राचीन काल की बात है दो राजाओं में युद्ध छिड़ा हुआ था। जो राजा युद्ध में हार रहा था वह मैदान छोड़ कर भाग गया और भर्तहरी की गुफा में जा कर छिप गया। जब वह गुफा में आगे बढ़ा तो वहां उसने एक संत को प्रभु भक्ति में लीन देखा वह उनके चरणों के पास जाकर बैठ गया।

कुछ समय के उपरांत संत जी ने आंखे खोली तो उन्होंने अपने सामने राजा को बैठे पाया। राजा ने उन्हें प्रणाम किया। संत जी ने उस से उसके आने का प्रयोजन पूछा तो उसने युद्ध में होने वाली हार को लेकर अब तक की सारी कथा बताई। इस पर संत जी ने उसे रोटी के कुछ टुकड़े दिए और कहा जिस मार्ग से तुम जाओ रोटी के टुकड़ों को रास्ते में डालते जाना और जब तक रोटी खत्म न हो जाए किसी भी हालत में पीछे मुड़कर नहीं देखना। जिस स्थान पर इन टुकड़ों का अंत होगा वहीं तुम्हें एक मंदिर के दर्शन होंगे। मंदिर के दर्शन होते ही तुम्हारे जीवन के सभी संकट दूर हो जाएंगे। राजा ने संत जी के कहे अनुसार ही किया और जिस मंदिर के बाहर रोटी के टुकड़ों का अंत हुआ वही हनुमान जी का मंदिर था। राजा ने पीछे मुड़कर देखा तो एक विशाल सेना उसके पीछे खड़ी थी। उसने पूरे जोश के साथ युद्ध का आगाज किया और दुश्मन के दांत खट्टे किए। उसी दिन से इस मंदिर को रणजीत हनुमान मंदिर कहा जाने लगा।

रणजीत हनुमान का श्रृंगार भी अन्य मंदिरों से हट कर होता है। उन्हें सिंदूर और चमेली के तेल से निर्मित चोला पहनाया जाता है। फिर अन्य सौंदर्य प्रसाधनों से उनके श्री स्वरूप को सजाया जाता है तत्पश्चात होता है पूजन का आरंभ सर्वप्रथम भगवान श्री राम के फिर राम भक्त हनुमान जी के सुमधुर भजनों से शनिवार और मंगलवार की संध्या का माहौल भक्तिमय हो जाता है।

# संकटों का होगा नाश मंगलमय जीवन का होगा आगाज

ग्रहों की अनिष्टदायक स्थिति को शुभ मंगलमय बनाने के लिए कुछ सरल उपाय करें तो निश्चित ही शुभदायक सिद्ध होते हैं। पवनपुत्र हनुमान का स्मरण मात्र



करने से ही समस्त संकटों का नाश हो जाता है। संकटमोचन की कृपा को प्राप्त कर भक्त सभी विपत्तियों से पार पा लेता है। हनुमान जी के प्रति समर्पण व श्रद्धा का भाव रखते हुए कुछ उपाय शुभ मंगलवार से आरंभ करने से संकटों का होगा नाश और मंगलमय जीवन का आगाज होगा।

1 हनुमान जी को गाय के शुद्ध घी और सिंदूर का चोला चढ़ाएं। यदि क्षमता न हो तो चमेली के तेल का चोला चढ़ा सकते हैं।

2 हनुमान जी के लिए शुद्ध घी से घर पर ही लड्डू बनाएं और उन्हें भोग लगाएं।

3 मंगलवार की संध्या बेला में हनुमान जी को केवड़े का इत्र व गुलाब के फूलों की ताजी माला अर्पित करें।

4 मंगलवार को किसी भी समय हनुमान जी के मंदिर में गुड़ और चने का प्रशाद चढ़ाएं। वहां आसन लगाकर बैठें और राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करें।

5 प्रातकाल उठें शुद्ध होकर पीपल के पेड़ के नीचे सरसो के तेल का दिपक जलाएं। पूर्व दिशा की ओर मुंह करके तुलसी की माला से राम नाम का जाप करें।

6 मंगलवार को घर के देवालय में तांत्रिक हनुमान यंत्र की स्थापना करें। रोजाना इस यंत्र की पूजन करें।

# घर में अन्नादि की कमी होगी दूर वास्तु के अनुसार करें किचन का कायाकल्प




रसोईघर अर्थात किचन रूम की आवश्यकता सभी घरों में होती है। इस कक्ष के बिना मकान की कल्पना तक नहीं की जा सकती। शारीरिक ऊर्जा को विकसित करने के लिए तथा अच्छे स्वास्थ्य के लिए रसोईघर मकान की किस दिशा में स्थित तथा किस दिशा में स्थित न हो इसका वर्णन वास्तुशास्त्र के आधार पर प्रस्तुत है।

रसोईघर में सामान रखने के लिए रैक आदि यूं तो चारों ओर की दीवारों पर बनाए जा सकते हैं परन्तु इन्हें दक्षिण एवं पश्चिमी दीवारों पर बनाना ही उत्तम होता है। केवल पूर्वी तथा उत्तरी दीवारों पर ही रैक नहीं बनवाना चाहिए। इसी तरह उत्तर-पश्चिम की ओर बर्तन आदि रखने की अलमारी बनाई जा सकती है। स्लैब या गैस पट्टी के ऊपर विशेषकर चूल्हे के ऊपर कोई रैक या अलमारी नहीं बनानी चाहिए।

रसोईघर में ही अगर फिज रखना हो तो इसे आग्रेयकोण, दक्षिण, उत्तर, पश्चिम या वायव्यकोण में ही स्थापित करना चाहिए। ईशान तथा नैत्रत्य में इन्हें कभी भी नहीं रखना चाहिए अन्यथा ये बराबर खराब होते रहेंगे। माइक्रोवेव अवन, मिक्सी, ग्राइंडर आदि को दक्षिण व आग्रेयकोण के बीच रखना चाहिए।

सिल-बट्टा, मूसल, झाड़ू व इसी तरह की अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं को नैऋत्य कोण में रखना चाहिए किंतु भूल कर भी इन्हें ईशानकोण में नहीं रखना चाहिए। इसी तरह ओखली, चक्की आदि वस्तुओं को नैऋत्य कोण या दक्षिण दिशा में ही रखना चाहिए। उत्तर-पश्चिम की ओर या नैऋत्य कोण में रसोई का छोटा-सा स्टोर रूम या भंडारगृह बनाया जा सकता है। अन्न आदि के भारी डिब्बे उत्तर-पश्चिम अर्थात वायव्य कोण में रखने से घर में कभी अभाव नहीं रहता। रसोईघर की इस दिशा में खाली डिब्बे कभी नहीं रखने चाहिएं। उनमें कुछ न कुछ दो-चार दाने अवश्य पड़े रहने चाहिए। इससे घर में अन्नादि की कमी नहीं होती।

- दूध, दही, घी, तेल आदि तरल पदार्थों को हमेशा उत्तर-पूर्व में ही रखना चाहिए। अगर संभव हो तो किचन से सटा एक छोटा-सा रूम बनवाकर उसमें अतिरिक्त भंडारण कर लेना चाहिए। अनावश्यक सामग्रियों को किचन में न रखा जाए वही अच्छा होता है।
- **रसोईघर का शुभ**-अशुभ होना उसके द्वार पर भी निर्भर करता है। वास्तु नियमों के अनुसार रसोईघर का प्रवेश द्वार पूर्व, पश्चिम या उत्तर में से किसी एक दिशा में ही रखना चाहिए। दक्षिण दिशा में प्रवेश द्वार शुभ नहीं माना जाता। इस ओर दरवाजा रखने पर हमेशा संघर्ष होता रहेगा और अनेक मुसीबतें झेलनी पड़ सकती हैं।




- रसोईघर के कमरे में उत्तर और पूर्व की ओर खिड़कियों का होना जरूरी होता है। रोशनदान या धुआं निकलने की चिमनी को ईशानकोण में ही स्थापित करना चाहिए। इसी तरह रसोईघर में उत्तर या पूर्व दिशा में एक एग्जास्ट फैन अवश्य लगाना चाहिए जिससे कक्ष के अंदर की दूषित वायु बाहर निकलती रहे और खाना बनाने वाले के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव न पड़े।
- आग्नेयकोण में बने रसोईघर के ऊपर पानी की टंकी कभी भी नहीं बनानी चाहिए। ऐसा करने पर स्वास्थ्य संकट का खतरा मंडराता रहता है। रसोईघर में या उसके सामने वाले कक्ष में मेकअप रूम नहीं बनाना चाहिए। इससे बीमारियों या संक्रमण का भय बना रहता है।
- पूजाकक्ष, शयनकक्ष एवं शौचालय के सामने या ऊपर रसोईघर नहीं बनाना चाहिए। रसोई में गैस पट्टी अथवा सिंक के नीचे भी पूजा स्थल नहीं बनाना चाहिए। स्थानाभाव या अन्य किसी कारण से रसोई घर में पूजा स्थल बनाना ही पड़े तो उसे उसी कक्ष के ईशानकोण में अथवा पूर्व पश्चिम या वायव्यकोण में ही स्थापित करना चाहिए। उत्तर, दक्षिण या नैऋत्य में पूजा स्थल नहीं बनाए जाते।
- भोजनकक्ष में वाशबेसिन की व्यवस्था के लिए उत्तर या पूर्व का कोण सबसे उपयुक्त माना जाता है। अगर ऐसा न बन पड़े तो पश्चिम की ओर से वॉशबेसिन रखा जा सकता है। अगर भोजन कक्ष रसोईघर के पश्चिम के अतिरिक्त अन्य दिशा में बना हो तो उस कक्ष में पश्चिम की ओर मुंह करके ही भोजन करना चाहिए।
- रसोईघर के फर्श की सतह को अन्य कमरों की सतह से अपेक्षाकृत ऊंचा रखना शुभदायक माना जाता है। प्रायः लोग रसोईघर, भोजनकक्ष एवं ड्राइंगरूम अर्थात अतिथिकक्ष आदि के फर्श की सतह अन्य कमरों की सतह से नीची रखते हैं जो वास्तु के नियमों के अनुसार हानिकारक है।
- वास्तुनियमों के अनुसार वायव्य, नैर्ऋत्य, आग्नेय, दक्षिण एवं पश्चिम दिशा में कोई भी कमरा नीची सतह वाला नहीं होना चाहिए। जहां तक हो सके सभी कमरों को उत्तर या पूर्व की ओर ढलान लिए हुए समान तल वाला बनाना चाहिए। पश्चिम या दक्षिण की तरफ भवन के फर्श का ढलान रखना अशुभ होता है।
- भोजन करने की व्यवस्था अगर रसोईघर में ही हो तो इसे रसोई में पश्चिम की ओर बनाना चाहिए। भोजनकक्ष के टेबल-मेज चौकोर, वर्गाकार या आयातकार ही होने चाहिएं। गोलाकार, अंडाकार, तिरछी या तिकोनी मेजों को प्रायः अशुभ माना जाता है।
- डाइनग टेबल की ऊंचाई इतनी ही हो जो बैठने वाले की नाभि स्थल से थोड़ी ऊंची हो। टेबल को दीवार से सटाकर रखने की अपेक्षा सदैव कक्ष के बीच में ही रखना चाहिए। वहां रखी कुर्सियों की संख्या भी सम अर्थात दो, चार, छह, आठ के अनुसार ही होनी चाहिए। विषम संख्या में अर्थात एक, तीन, पांच आदि में कुर्सियों का रखना अशुभ माना जाता है। इस तरह वास्तुशास्त्र के अनुसार अपने रसोईघर की व्यवस्था को बनाकर स्वास्थ्य, सुख-शांति व समृद्धि को पाया जा सकता है।

# अनूठे उपाय जो जीवन में खुशहाली लाए

- जन्म कुंडली में यदि ग्यारहवें घर में शनि हो तो मुख्य द्वार की चौखट बनाने से पहले उसके नी?चे चंदन दबा दें, सुख-समृद्धि से घर सुशोभित रहेगा।
- भवन-निर्माण से पहले भूखंड पर पांच ब्राह्मणों भोजन कराना बहुत शुभ होता है। इससे घर में धन, ऐश्वर्य व सुखों का वास होता है। बच्चे भी संस्कारी व आज्ञाकारी होते हैं।
- यदि जीवन समस्याओं व दुखों से भरा हो, तो 100 ग्राम साबत चावल किसी तालाब में डाल दें।
- यदि घर में मां को लगातार कोई कष्ट सता रहा हो तो 121 पेड़े लेकर बच्चों को बांट दें, कष्ट दूर हो जाएगा।
- यदि जमीन-जायदाद लाख कोशिशों के बावजूद अधिक दामों में न बिक पा रही हो तो कभी-कभी चाय की पत्ती जमादार दो दें। चांदी का चौकोर टुकड़ा सदैव अपने पास रखें और चांदी के गिलास में ही पानी पीएं।

हमेशा सफेद टोपी पहनें। संपत्ति अधिक दामों में बिक जाएगी।

- राहु ग्रह की अशुभता दूर करनी हो तो भगवती काली की उपासना करें। राहु अशुभ हो तो अचानक शारीरिक कष्ट होता है। चांदी की चेन गले में पहनें, राहत? मिलेगी। कुत्तों को रोटी अवश्य खिलाएं, गरीबों को सूजी का हलवा अपने हाथ से बांटे, कष्ट दूर होगा।
- यदि व्यवसाय या रोजगार में विघ्न बहुत आ रहे हों तो दस अंधों को भोजन कराएं और गुलाब जामुन खिलाएं। अपने माता-पिता की सेवा करें, विघ्न अपने आप दूर हो जाएंगे।
- कर्ज से मुक्ति के लिए कर्जदार व्यक्ति को चाहिए कि दोनों मुट्ठियों में काली राई लें। चौराहे पर पूर्व दिशा की ओर मुंह रखें तथा दाहिने हाथ की राई को बाईं ओर तथा बाएं हाथ की राई को दाहिनी दिशा में फेंक दें। राई फेंकने के पश्चात चौराहे पर सरसों का तेल डालकर दोमुखी दीपक जला देना चाहिए। दीया मिट्टी का रखना चाहिए। यह प्रयोग शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार को संध्या के समय करें। श्रद्धा द्वारा किया गया यह उपाय अवश्य कर्ज से मुक्ति दिलाता है। एक बार सफलता न प्राप्त हो तो दोबारा फिर कर लेना चाहिए।

जिस चौराहे पर टोटका हुआ हो उस दिन उस चौराहे पर टोटका नहीं करना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। यदि अमावस्या हो और शनिवार हो, तो यह विशेष फलदायी होता है। तब यह टोटका करना जादुई चमत्कार से कम नहीं है।



# शनि का राशि परिवर्तन राशियों पर प्रभाव

शनि अपनी उच्च राशि तुला से राशि परिवर्तन कर 2 नवंबर 2014 से वृश्चिक राशि में प्रवेश कर गए हैं। शनि वृश्चिक राशि में ढाई साल तक रहेंगे। मंगल की राशि में शनि के रहते ढाई साल तक भूमि, भवन, मशीनरी, ऑइल, वाहन आदि के कारोबार में तेजी आएगी।

जिन लोगों की कुंडली में अच्छे भावों में शनि और मंगल विराजमान हैं, उन्हें सफलता मिलेगी। कर्क और मीन राशि वाले ढैय्या शनि से मुक्त होंगे और मेष और सिंह राशि वालों को ढैय्या शनि शुरू होंगे।

मेष- आमदनी बढ़ेगी, पर उतना ही व्यय भी होगा।

वृषभ- धनलाभ होगा। कुछ तनाव रहेगा।

मिथुन- संपत्ति बढ़ेगी, लाभ के अवसर।

कर्क- धनलाभ होगा, काम बनेंगे।

सिंह- रुकी हुई पदोन्नति हो सकती है। भूमि-भवन से सुख। व्यापार में सफलता मिलेगी।

कन्या- साढ़े साती खत्म होगी। व्यापार में सफलता, मुकदमों में जीत दिलाएगी। परिवार में किसी का स्वास्थ्य बिगड़ेगा।

तुला- शनि की उतरती साढ़े साती (तीसरा चरण) है। भूमि-भवन का लाभ होगा।

वृश्चिक- साढ़े साती का दूसरा चरण शुरू होगा। सभी कामों में काफी परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी।

धनु- साढ़े साती का पहला चरण शुरू, इससे मानसिक कष्ट बढ़ेंगे किंतु अधिकतर समय लाभकारी। विदेश यात्रा के योग।

मकर- लाभ मिलेगा, यात्रा होगी।

कुंभ- पदोन्नति, बिगड़े काम बनेंगे।

मीन- यश मिलेगा, तनाव में कमी आएगी।

## वृश्चिक का शनि कैसा होगा कारोबार के लिए

2 नवंबर को शनि ने वृश्चिक राशि में प्रवेश कर लिया है। इसके चलते जमीन, बिल्डिंग, ऑयल सहित लाल और काले रंग की वस्तुओं के कारोबार में तेजी आएगी। कोर्ट-कचहरी के फैसले भी अपेक्षाकृत कम समय में होंगे। कई लोगों को अचानक भूमि-भवन का स्वामित्व मिलेगा। यह स्थिति करीब ढाई साल तक रहेगी।

वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल ग्रह का भूमि, भवन और लाल रंग की वस्तुओं पर आधिपत्य है, जबकि शनि का



संबंध ऑयल, मशीनरी, न्यायालय और काले रंग से होना माना जाता है।

इसे देवताओं की ओर से न्यायाधीश का दर्जा प्राप्त है, जो ईमानदार लोगों की मदद करता है, जबकि गलत काम करने वालों को कष्ट पहुंचाता है।

शनि के मंगल की राशि में रहते ढाई साल तक भूमि, भवन, मशीनरी, ऑयल, वाहन आदि के कारोबार में तेजी आएगी। जिन लोगों की कुंडली में अच्छे भावों में शनि और मंगल विराजमान हैं, उन्हें ऐसे कारोबार में काफी सफलता मिलेगी। मंगल का संबंध दक्षिण दिशा और शनि का पश्चिम दिशा से है।

इस कारण इन दोनों दिशाओं में स्थित शहरों में नए कारखाने खुलेंगे। लंबित न्यायिक मामले तेजी से निपटेंगे। भ्रष्ट आचरण करने वालों को सजा मिलेगी, जबकि ईमानदारी से कार्य करने वालों का सम्मान बढ़ेगा। दूसरी ओर जिन लोगों की कुंडली में मंगल व शनि की स्थिति अच्छी नहीं है, उनके कार्यों में अड़चनें आएंगी, किंतु गुरु ग्रह की इन पर दृष्टि होने के कारण काम देर-सवेर ही सही, पूरे जरूर होंगे।

# नोरा के ठुमके के बाद अब स्त्री 2 की तमन्ना बनी दर्शकों की पहली पसंद



बॉलीवुड में हाई बीट्स गानों पर डांस का क्रेज है। इस सिलसिले में नोरा फतेही के डांस मूव्ज ने दर्शकों को खासा आकषित किया है। उन पर फिल्माए कई गाने बेहद हिट साबित हुए थे लेकिन लगता है उनके ठुमके अब कुछ फीके हो गए हैं। अब उनकी जगह साउथ की एक सुंदरी मेकर्स की पहली पसंद बनती जा रही है। बीते दिनों यह एक्ट्रेस साउथ की 600 करोड़ी फिल्म में नजर आई थी। फिल्म में इनका एक आइटम डांस बेहद हिट रहा था। अब खबर है कि ये जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'स्त्री' में नजर आएंगी। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'स्त्री' 31 अगस्त 2018 को रिलीज हुई थी। इस हॉरर कॉमेडी को अमर कौशिक ने निर्देशित किया था जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। फिल्म में एक आइटम सॉन्ग था 'कमरियाज' जिसे नोरा फतेही पर फिल्माया गया था। खबर थी कि फिल्म के दूसरे पार्ट 'स्त्री 2' में भी नोरा पर एक डांस नम्बर फिल्माया जाएगा लेकिन अब फिल्म से साउथ की बड़ी एक्ट्रेस का नाम जुड़ गया है। नोरा फतेही की जगह साउथ एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की एंट्री हुई है। विजय वर्मा की गर्लफ्रेंड तमन्ना को फिल्म के एक खास डांस नम्बर के लिए चुना गया है। हाल ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे फेमस गाने कावाला पर डांस करती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो फिल्म 'स्त्री 2' के सेट का है। गाने की डांस रिहर्सल के बाद तमन्ना सेट पर अपने गाने पर डांस करती नजर आईं। फिल्म 'स्त्री 2' आगामी 30 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म के पहले पार्ट के लिए एक स्पेशल डांस नम्बर कृति सेनन ने भी शूट किया था। बीते दिनों तमन्ना, रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर' में नजर आई थीं। फिल्म में तमन्ना पर कावाला गाना फिल्माया गया था, जो हिट साबित हुआ था। सोशल मीडिया पर यह गाना खूब चला था।

# कर्मा कॉलिंग लेकर आ रहीं मस्त-मस्त गर्ल



नब्बे के दशक में हर बॉलीवुड फैन की फेवरेट रहीं रवीना टंडन अब अपनी नई वेब सीरीज के साथ तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज अरण्यक को ओटीटी पर लोगों ने खूब पंसद किया था। अब नई सीरीज कर्मा कॉलिंग का ट्रेलर आ गया है। ट्रेलर के पहले फ्रेम से ही रवीना एक उस किरदार में बहुत कम्फर्टेबल नजर आ रही हैं, जिसका बेसिक आईडिया उनकी निजी जिंदगी से मिलता है। कर्मा कॉलिंग में वे एक ऐसी अभिनेत्री का रोल कर रही हैं, जो कई सालों तक इंडस्ट्री पर राज कर चुकी है। उसका स्टारडम भले ढलने की कगार पर हो, मगर उसके नाम का जलवा आज भी मुंबई में जमकर चमकता है। लेकिन अब इंद्राणी कोठारी के पास्ट से निकला एक रहस्य, उनकी आज की जिंदगी को मुश्किल बनाने के लिए बाहर आ रहा है।

# मुझे सोशल मीडिया से मान्यता की बिल्कुल भी जरूरत नहीं: करीना कपूर



करीना कपूर खान दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने 2020 में सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू किया जो उन्हें पसंद है, और जिसके माध्यम से वह अपने प्रशंसकों से जुड़ती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इससे मान्यता की चाहत नहीं रखती हैं। करीना कपूर खान दो दशकों से अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने 2020 में सोशल मीडिया का इस्तेमाल शुरू किया जो उन्हें पसंद है, और जिसके माध्यम से वह अपने प्रशंसकों से जुड़ती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इससे मान्यता की चाहत नहीं रखती हैं। वर्तमान में इंस्टाग्राम पर करीना के 1.14 करोड़ प्रशंसक हैं और वह अक्सर अपने दैनिक जीवन की झलकियाँ और अपने काम के बारे में अपडेट साझा करती रहती हैं। यह पूछे जाने पर कि सोशल मीडिया मान्यता उनके लिए कितना महत्व रखती है, करीना ने आईएएनएस को बताया, 'मुझे सोशल मीडिया का उपयोग करने में मजा आता है, लेकिन मेरे लिए, यह मेरे प्रशंसकों से जुड़ने और उन्हें मेरे जीवन में एक झलक देने का एक माध्यम है। मैं सोशल मीडिया से बिल्कुल भी मान्यता नहीं चाहती, लेकिन मुझे खुशी है कि मुझे अपने प्रशंसकों से बहुत प्यार मिलता है।' 'अशोका', 'कभी खुशी कभी गम...', 'चमेली', 'देव', 'ओमकारा', 'जब वी मेट', '3 इडियट्स', 'उड़ता पंजाब' और 'बजरंगी भाईजान' जैसी फिल्मों में प्रभावशाली अभिनय करने वाली अभिनेत्री के लिए स्क्रीन पर शक्तिशाली किरदार निभाना और दर्शकों का उसे पसंद करना काफी है। उन्होंने कहा, 'एक कलाकार के रूप में मैं शक्तिशाली किरदार निभा रही हूं, और यह मेरे लिए पर्याप्त मान्यता है। इसलिए, जबकि मैं इंस्टाग्राम पर प्यार की सराहना करती हूं, मेरी सच्ची मान्यता मेरे द्वारा निभाई गई भूमिकाओं, मेरे द्वारा बताई गई कहानियों और मनोरंजन की दुनिया में एक कलाकार के रूप में मैं जो विरासत बना रही हूं, उससे मिलती है।' हालाँकि, 2000 में 'रिफ्यूजी' से शुरू हुई हिंदी सिनेमा की उनकी यात्रा में अच्छे और बुरे दिन भी आए। आत्म संदेह के बारे में बात करते हुए करीना ने कहा, ''मैं केवल इंसान हूं। मेरे ऐसे दिन भी आ सकते हैं जो इतने अच्छे न हों लेकिन मैं खुद पर विश्वास करना नहीं छोड़ती। इंडस्ट्री में मुझे दो दशक से अधिक समय हो गया है और मुझे यकीन है कि और भी बहुत कुछ होगा। मैं जानती हूं कि मैं कुछ नया करते रहना चाहती हूं और अब समय आ गया है कि लगातार कुछ अलग करने का प्रयास किया जाए।' इसके बाद करीना ने सुपरस्टार होने के सबसे कठिन हिस्से का खुलासा किया। उन्होंने छूटते ही उत्तर दिया: 'गोपनीयता का अभाव।' अभिनेता सैफ अली खान से शादी करने वाली 43 वर्षीय अभिनेत्री इस बात से सहमत हैं कि इस पेशे के लिए एक कीमत चुकानी पड़ती है। अभिनेत्री ने कहा, 'हर पेशा की अपनी कीमत चुकानी होती है, यह केवल इस पर निर्भर करता है कि आप कितना छोड़ने को तैयार हैं और आप अपने जीवन को कैसे प्राथमिकता देते हैं।' अभिनय के मोर्चे पर, करीना, जिन्होंने हिंदी ऑडिबल पॉडकास्ट श्रृंखला की तीसरी किस्त 'मार्वल वेस्टलैंडर्स: ब्लैक विडो' में ब्लैक विडो के लिए अपनी आवाज दी है, अगली बार 'द क्रू' और 'सिंघम अगेन' में दिखाई देंगी।

# 27 साल बाद सफर में सनी के साथ दिखेंगे सलमान

गदर 2 की कामयाबी के बाद सनी देओल अब एक नई कहानी के साथ अपने फैन्स का मनोरंजन करने आ रहे हैं। सनी ने पिछले साल जैसा कमबैक किया है उसे बॉलीवुड का इतिहास हमेशा याद रखेगा। इन दिनों सनी अपनी अगली फिल्म सफर के लिए शूट कर रहे हैं। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है और इन दिनों बाकी पोर्शन मुंबई में शूट किए जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सलमान खान सफर में सनी देओल के साथ काम करने वाले हैं। अब इस बात को पुख्ता करने वाली जानकारी सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार सलमान जल्द ही सफर में अपने खास कैमियो के लिए शूट करने वाले हैं। सलमान, सनी की सफर के लिए मुंबई में ही दो दिनों तक शूट करेंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, सलमान खान मध्य जनवरी मे सफर में अपने कैमियो के लिए शूट करेंगे। ये दो दिन का शूट होगा और जिसे महबूब स्टूडियो में शिड्यूल किया गया है। सलमान पहले ही इसके लिए कमिटमेंट कर चुके हैं और फिल्म में अपना ही किरदार निभाते नजर आएंगे। सनी देओल और सलमान खान पहली बार फिल्म जीत में साथ नजर आए थे। साल 1996 में आई इस फिल्म में इन दोनों के साथ करिश्मा कपूर भी थीं। इसके बाद यह दोनों सितारे हीरोज (साल2008) की कास्ट का भी हिस्सा थे, मगर इस फिल्म में दोनों को स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला था। सलमान हमेशा से देओल परिवार के बहुत करीबी रहे हैं। सनी की फिल्म सफर में उनका कैमियो, सनी के साथ अपनी दोस्ती जाहिर करने वाला जेस्चर है।

बता दें सफर के बाद सनी के पास दो और प्रोजेक्ट हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन में सनी लाहौर 1947 में काम कर रहे हैं और उनके पास एक फिल्म बाप भी है। कुछ समय पहले ऐसी भी रिपोर्ट्स आई थीं कि नितेश तिवारी की रामायण में सनी देओल, हनुमान के किरदार में नजर आ सकते हैं।



# जैस्मिन वॉर्निंग 2 की कर रही तैयारी

एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन वॉर्निंग 2 के लिए तैयारी कर रही हैं और उन्होंने पहली बार खुद पंजाबी में डब किया है। इस बारे में बात करते हुए जैस्मीन ने कहा, इससे पहले हनीमून में किसी और ने मेरे लिए डब किया था, इस बार मैं यह करना चाहती थी। सौभाग्य से, मैंने पूरी फिल्म में डब किया है। मैं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में और अधिक प्रस्तावों की तलाश में हूं, इसलिए मैं अपनी बोली जाने वाली पंजाबी स्किल पर भी काम कर रही हूं। लेकिन, वार्निंग 2 के लिए डबिंग का यह एक्सपीरियंस बहुत अच्छा था। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म में जैस्मीन एक दिलचस्प अवतार में नजर आएंगी, लेकिन, उनकी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी गुप्त रखी गई है। वॉर्निंग 2 दो फरवरी को रिलीज होने वाली है।




# विशाल के साथ आ सकते हैं शाहरुख खान





शाहरुख खान पिछले साल कामयाबी के उस शिखर पर पहुंच गए हैं, जिसपर पहुंचने के ख्वाब कई अभिनेता देखा करते हैं। पठान, जवान और डंकी की शानदार सक्सेस ने शाहरुख के स्टारडम का परचम बहुत ऊंचा कर दिया है। इस धुआंधार कामयाबी के बाद से ही शाहरुख के फैंस नजरें गड़ाए बैठे हैं, कि उनके सुपरस्टार का अगला प्रोजेक्ट क्या होने वाला है। अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जो शाहरुख ही नहीं, हर इंडियन सिनेमा फैन की एक्साइटमेंट का पारा बढ़ा देगी। रिपोर्ट के अनुसार शाहरुख अब अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के साथ चर्चा कर रहे हैं। विशाल भारद्वाज हिंदी को कई आइकॉनिक फिल्में देने वाले बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं। उनकी डायरेक्ट की हुई फिल्मों में मकबूल, ओमकारा, हैदर और कमीने जैसे नाम हैं। हाल ही में उनकी नेटफ्लिक्स फिल्म खूफिया ने हर तरफ खूब तारीफ बटोरी थी। इंडस्ट्री में अंदर चर्चा है कि शाहरुख अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए विशाल भारद्वाज की फिल्म साइन करने जा रहे हैं। सूत्र ने बताया कि ये एक टिपिकल विशाल भारद्वाज फिल्म होगी और इसमें वैसे ही थ्रिल और शेड्स होंगे जो विशाल अपनी फिल्मों में बुनना पसंद करते हैं। विशाल ने इंटरव्यू में कहा था कि उनके और शाहरुख, दोनों के दिल में साथ काम करने की इच्छा है। विशाल ने कहा था, वे हमेशा कहते हैं, और मैं भी मानता हूं, हमें एक फिल्म साथ में करनी चाहिए। शाहरुख जल्दी ही बड़े पर्दे पर अपनी बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाले हैं।

# प्रभास की फ़िल्म कल्कि 2898 एडी 9 मई को होगी रिलीज



दक्षिण के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फ़िल्म की सफलता से जहां प्रभास समेत खुश हैं वहीं इस फिल्म ने घरेलू बाजार में 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 700 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया है। फिलहाल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है। इन सबके बीच प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की फाइनली रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है। प्रभास स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं फिल्म के मेकर्स ने आज फैंस को गुडन्यूज देते हुए इस मच अवेटेड फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर प्रभास की फिल्म के नए पोस्टर के साथ 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। बता दें कि साइंस-फिक्शन फिल्म की रिलीज डेट पहले टाल दी गई है। इस फिल्म के जनवरी 2024 में रिलीज होने की उम्मीद थी. लेकिन अब 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी ने अहम भूमिका निभाई हैंय साइंस फिक्शन फिल्म वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित है। ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी, पहली किस्त 2024 में रिलीज होगी। खबरों की मानें तो 'कल्कि 2898 एडी' 600 करोड़ रुपये के भारी बजट पर बनी है, जो अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म को तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किया गया है। फिल्म का म्यूजिक संतोष नारायणन ने दिया है, सिनेमैटोग्राफी जोर्डजे स्टोजिलजकोविक ने की है और एडिटिंग कोटागिरी वेंकटेश्वर राव ने की है।

# एक्सप्रेस-वे पर दो अंडरपास के निर्माण को हरी झंडी

## एडवांट टॉवर के अंडरपास की तर्ज पर सभी अंडरपास में की जाए थीम पेंटिंग: सीईओ



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित दो अंडरपास तथा एपीजे स्कूल के निकट दौरा कर निरीक्षण किया। उसके साथ उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल तथा वर्क सर्किल-1, 9 एवं 10 के वरिष्ठ प्रबंधक भी मौजूद थे।

सीईओ ने मातहत अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक्सप्रसे-वे पर चैनेज 6.100 किमी तथा चैनेज 16.400 किमी पर प्रस्तावित अंडरपास के निर्माण को लेकर सभी अग्रित औपचारिकताएं एवं कार्यवाही शुरू करें। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-14ए से महामाया फ्लाईओवर तक एपीजे स्कूल के पास यातायात सुधार के निर्देश दिये। मालूम हो कि एक्सप्रेस-वे पर तीन अंडरपास पहले से ही बनकर तैयार हो चुके हैं। जिनका निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। दो नए अंडरपास प्रस्तावित हैं।

सीईओ डा. लोकेश एम ने एक्सप्रेसवे पर एडवांट टॉवर के समीप स्थित अंडरपास पर थीम पेंटिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि इसी तर्ज पर सभी अंडरपास में थीम पेंटिंग कराई जाए।

# भाजपा के तीन मंडलों की कार्यकारिणी गठित

**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 पर जिला बैठक में 3 मंडलों को समिति घोषित कर दी गई। 4 मंडलों की समिति पहले ही घोषित हो चुकी है और आज 3 और मंडल जिसमें सरस्वती शिशु मण्डल, कृष्ण नगर मंडल और सैनिक विहार मंडल की घोषणा कर दी गई। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि मंडल की टीम में सभी वर्ग को शामिल किया गया है जिससे सभी का प्रतिनिधित्व हो सकें। मनोज गुप्ता के साथ महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, उमेश यादव, महेश अवाना, एस पी चमोली भी मौजूद रहे।

**सरस्वती शिशु मण्डल :** अध्यक्ष सत्यनारायण महावर, उपाध्यक्ष संतोश खंडूरी, अरूण शर्मा, श्रीमती शीतल शुक्ला, डी.एस.रावत, अनिमेश सिंह, किशन बेनीवाल, महामंत्री अमित नागपाल, दीपक शर्मा, मंत्री श्रीमती मीनाक्षी चौहान, श्रीमती पुष्पा रावत, पंकज मंडल, श्रीमती तेजवन्ती, सुभाश षर्मा, श्रीमती माया रावत, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह चैहान, दिनेश कृष्णन्न, परविन्दर राघव।

**कृष्ण नगर मंडल :** अध्यक्ष निर्मल सिंह, उपाध्यक्ष विपिन यादव, महेश मिश्रा, राम गोपाल शर्मा, आदेष यादव, जे.पी. ठाकुर, राजेश शर्मा , महामंत्री मदन राय, रामेश्वर यादव, मंत्री राकेश रावत, सुमेर सिंह, महेश कुमार फौजी, भीम सिंह चौहान, मृत्युन्जय सिंह, रवि यादव, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रभा ठाकुर, एस. के. सिंह।

**सैनिक विहार मंडल :** अध्यक्ष प्रदीप चौहान, उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान, पुश्कल गुप्ता, श्रीमती रेखा चौहान, विकास शर्मा, धीर सिंह सैनी, गौरव सेठ्ठी, महामंत्री केशव पण्डित, नीरज चैहान, मंत्री श्रीमती सुनीता शुक्ला, श्रीमती उषा झा, अंकुश चौधरी, चरण सिंह जाटव, देवेन्द्र सिंह, भानू कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश यादव, खजान सिंह, गिरिराज चौहान।

# 'योगी के राज में महफूज हैं महिलाएं'



**नोएडा (चेतना मंच)।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में पी डी मेमोरियल स्कूल हल्द्वानी में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की। वाद विवाद प्रतियोगिता में युवाओं ने 'नव मतदाता भाग्य विधाता' विषय पर अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंजलि चौहान ने युवाओं को बताया कि किस प्रकार से स्वामी विवेकानंद के स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ण कर रहे हैं। अंजलि चौहान ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए छात्रों को बताया कि किस प्रकार से आज महिलाएं योगी जी के शासनकाल में सुरक्षित महसूस कर रही है।

रामनिवास यादव ने सभी युवाओं से अधिक से अधिक लोगों से नमो ऐप के माध्यम से जुड़ने का आग्रह किया तथा सभी युवा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक युवाओं से संपर्क कर नव मतदाता संपर्क अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनुज प्रधान, मोहित शर्मा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जोगी, नवीन मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री रितेश वर्मा जिला मीडिया प्रभारी अर्पित मिश्रा जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी उज्जवल सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती साधना शर्मा मंडल अध्यक्ष आकाश चौहान मंडल संयोजक ललित शर्मा सोनू शर्मा, सुमित शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फोनरवा की कार्यकारिणी को प्रभार सौंपा

## चुनाव अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को दिये सर्टीफिकेट

**नोएडा (चेतना मंच)।** फोनरवा के चुनाव के बाद हुई पहली बैठक में चुनाव अधिकारी का स्वागत किया। चुनाव अधिकारी ने कार्यकारिणी के सदस्यों को सर्टिफिकेट भी



अधिकारी ने सभी जीते प्रत्याशियों को सर्टीफिकेट प्रदान किये तथा प्रभार सौंपा। कार्यकारणी कमेटी की पहली बैठक निर्वाचन अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में फोनरवा कार्यालय सेक्टर-52 हुई।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने चुनाव अधिकारी शैलेंद्र सिंह और सहायक चुनाव दिए । उन्होंने कहा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी आज की तिथि से ही कार्यभार ग्रहण करेगी। योगेंद्र शर्मा एवम महासचिव के के जैन ने शैलेंद्र बहादुर सिंह एवम उनकी टीम को निष्पक्ष व संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कार्यकारणी कमेटी के सभी 21सदस्य उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनायी महर्षि महेश योगी की जयंती



**नोएडा (चेतना मंच)।** महर्षि नगर में कल महर्षि महेश योगी की 107वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक गुरुपरंपरा के पूजन और एकादश वैदिक पंडितों के वैदिक स्वस्ति वाचन के बाद समारोह का आयोजन किया गया।

महर्षि नगर के मीडिया प्रभारी ए.के. लाल ने बताया महर्षि ने दुनिया के सामने भावातीत ध्यान सहित समस्त वेद विद्याओं को प्रकाशित करने के साथ सबसे बड़ी बात यही सिखाई कि अंधेरा प्रकाश आने से दूर होता है न कि अंधेरे के हिसाब से कानून बनाने से।

उन्होंने कहा इसके लिए हमें वही करना है जो स्त्रष्टि का निर्माण करते समय ब्रह्मा ने एकोहम बहुस्यामि के रूप में किया।

इस मौके पर शिशिर श्रीवास्तव, राघवेन्द्र यादव, विनोद श्रीवास्तव, अछूत त्रिपाठी, विनीत श्रीवास्तव, एस एस सोम, ललन पाठक, विनोद दीक्षित, श्रीकांत ओझा, रमेन्द्रे सचान, कमलेश यादव और संतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन मनाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिवस केक काटकर व लड्डू और मिठाई बांटकर हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते है कि प्रियंका गांधी स्वस्थ रहें। लम्बी आयु की कामना करते है और आप हमेशा ऐसे ही देश सेवा में अपना योगदान देती रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, पीसीसी सदस्य रिज़्वान चौधरी, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य सोनू खारी, महासचिव जितेंद्र चौधरी, आकाश वर्मा, विक्की शर्मा, नितिन अग्रवाल, विशाल वर्मा, राजेंद्र चौधरी, नारायण देव, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव में लगने वाली बसों का किराया बढ़ाये परिवहन विभाग

## नोएडा बस एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव को प्रेषित ज्ञापन एआरटीओ को सौंपा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा बस एसोसिएशन ने शासन को पत्र लिखकर चुनाव कार्य में लगने वाली बसों का किराया बढ़ाने की मांग की है।



परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में नोएडा बस एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप धूपर तथा महासचिव अनिल दीक्षित ने मांग की है कि रोजाना प्रति बस के संचालन का कुल खर्च 9963 रूपये आता है। जबकि शासन द्वारा 1630 रूपये ही दिया जाता है। बस मालिकों को 8333 रू0 का घाटा अपनी जेब से भरना पड़ता है। इस आशय का एक ज्ञापन बस एसोसिएशन ने एआरटीओ (प्रशासन) सियाराम वर्मा को सौंपा।

बस मालिकों का कहना है कि प्रतिदिन बसों में ईंधन की खपत 3.50 किमी प्रति किलोमीटर पड़ता है। जबकि शासन 4.50 किमी की दर से देता है। जो न्यायोचित नहीं है। बस मालिकों ने तर्क दिया है कि अन्य राज्यों में बसों का किराया बढ़ा दिया गया है। लेकिन उप्र में नहीं बढ़ा है। इसलिए चुनाव के पूर्व बसों के किराये में वृद्धि की जाए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक व पराली जलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो : एडीएम

**नोएडा (चेतना मंच)।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी/सदस्य सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्सव शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, उपनिदेशक उद्यान ग्रेटर नोएडा एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी/सदस्य सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार द्वारा जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की वर्तमान तक की प्रगति के संबंध में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व को अवगत कराया गया।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित




अधिकारियों को निर्देश दिए की गत वर्ष किये गए वृक्षारोपण की जिओ टैगिंग को शत् प्रतिशत पूर्ण किया जाए एवं प्रत्येक विभाग द्वारा वन विभाग की भांति वृक्षारोपण पंजिका का संघारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के नियमों का उल्लंघन एवं पराली जलाने वाले के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल लायी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चला कर यह सुनिश्चित कर लें कि सभी कंस्ट्रक्शन साइट पर निर्माण सामग्री को ढक कर रखा गया है ।

उन्होंने यमुना एवं हिंडन के मैदानों पर अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि यमुना एवं हिंडन के मैदानों पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण न हो सके। साथ ही नदियों की साफ-सफाई पर विशेष फोकस बनाए रखने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

# संजय सिंह के दोबारा राज्यसभा सदस्य बनने पर मनाया जश्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी



संजय सिंह को पुन: राज्यसभा सदस्य बनने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाडझ बजाकर जश्न मनाया तथा आपस में मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर संजय सिंह को पुन: राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बधाई दी।

इस मौके पर गौतमबुद्धनगर के आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव राकेश अवाना ने बताया कि अरविंद केजरीवाल के निर्णय से सभी कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। बता दें कि संजय सिंह पिछले 4 माह से जेल में बंद है।

इस मौके पर इस अवसर पर सेक्टर 18 जिला कार्यालय पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत रावत, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण धीमान, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, नोएडा विधानसभा उपाध्यक्ष सतीश गौतम, जिला सचिव आशीष एवं काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो0-9818250344



SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower,Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308